आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक
# उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 अंक : 139 हापुड़, शुक्रवार 06 दिसंबर 2024 RNI.NO. UPHIN/2020/86789 मूल्य:03 पेज: 06

## बाबर के युग में जो हुआ और अब बांग्लादेश में जो हो रहा है उसका डीएनए एक- योगी



अयोध्या । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर समाज को बांटने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अयोध्या व संभल में मुगल शासक बाबर की सेना ने जो किया और आज जो बांग्लादेश में हो रहा है, उसका डीएनए एक ही है। मुख्यमंत्री ने यहां 43वें रामायण मेले का उद्घाटन करने के बाद कहा, भगवान राम ने इस पूरे समाज को एक किया था। अगर हमने एकता को महत्व दिया होता और देश के दुश्मनों की रणनीति सफल नहीं होने दी होती तो यह देश कभी गुलाम नहीं बनता। हमारे तीर्थ कभी अशुद्ध नहीं हुए होते। मुट्ठीभर आक्रांता हम पर आक्रमण नहीं कर पाते और भारत के वीर सैनिकों ने उन्हें कुचल दिया होता। मुख्यमंत्री ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, लेकिन इस समाज में अड़चने पैदा करने वाले सफल हो गए। सामाजिक ताने-बाने को छिन्न भिन्न करने के लिए जाति आधारित राजनीति करने वाले आज भी सक्रिय हैं। उन्होंने कहा, आप देखें कि पड़ोसी देशों में हमारे दुश्मन किस प्रकार का कृत्य कर रहे हैं। 500 वर्ष पहले बाबर के एक जनरल ने अयोध्या और संभल में जो कृत्य किए थे ठीक वैसा ही आज बांग्लादेश में हो रहा है। इन तीनों जगहों पर कृत्यों की प्रकृति और डीएनए समान है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर कोई सोचता है कि बांग्लादेश में जो हो रहा है, वह यहां नहीं होगा तो वह भ्रमित है। उन्होंने कहा कि विभाजनकारी तत्व पहले से ही यहां खड़े हैं और सामाजिक ताना बाना खराब कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, इन विभाजनकारी ताकतों में कई ऐसे लोग हैं, जिन्होंने विदेशों में संपत्ति खरीदी हुई है और यहां संकट पैदा होने पर वे भागकर उन स्थानों पर चले जाएंगे तथा यहां लोगों को मरने के लिए छोड़ देंगे। वे यही करते हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के इस वर्ष अगस्त में पतन के बाद से पड़ोसी मुल्क में हिंदू समुदाय समेत धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ व्यापक हिंसा की खबरें आ रही हैं।

## भाजपा की योजना राजस्व बढ़ाने से ज्यादा भ्रष्टाचार बढ़ाने की - अखिलेश यादव



लखनऊ । जीएसटी परिषद द्वारा कई वस्तुओं पर कर बढ़ाए जाने की संभावना की खबरों को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र पर प्रहार करते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की योजना राजस्व बढ़ाने से ज्यादा भ्रष्टाचार बढ़ाने की है। अखिलेश ने 'एक्स' पर लिखा, कहां तो भाजपाई कह रहे थे एक देश, एक कर। लेकिन उनकी यह बात भी जुमलाई झूठ निकली, क्योंकि अब वे कर की नई 'स्लैब' ला रहे हैं। जब एक कर, कई स्लैब हैं तो एक कर का नारा सही मायनों में झूठा साबित हुआ न। उन्होंने कहा, दरअसल कर की दरें बेतहाशा बढ़ाने के पीछे एक बड़ा खेल है। यह राजस्व बढ़ाने से ज्यादा भ्रष्टाचार बढ़ाने और फिर अधिकारियों के माध्यम से दुकानदारों, कारोबारियों पर दबाव बढ़ाकर ज्यादा वसूली की भाजपाई योजना है। अखिलेश ने कहा, दुनिया का नियम है कि जितनी अधिक कर की दर होती है, उतनी ही अधिक कर की चोरी होती है और जितनी अधिक कर की चोरी होती है, उतनी ही अधिक भ्रष्ट सत्ताधारियों की कमाई होती है। भाजपा सरकार में कर चुराने के लिए और उससे वसूली के लिए पिछले दरवाजे के रास्ते पहले तैयार कर लिए जाते हैं। उसके बाद कोई कर योजना सामने के दरवाजे से बाहर नहीं आती। उन्होंने कहा, हर कर को चुकाने का बोझ आखिर में जनता पर ही आता है। इसलिए घूम-फिरकर कर की चक्की में जनता ही पिसती है, जनता ही मारी जाती है। अखिलेश ने एक समाचार पत्र की 'कटिंग' भी इस पोस्ट में साझा की है जिसका शीर्षक है, सिगरेट, तंबाकू पर जीएसटी बढ़ाकर 35 प्रतिशत की जा सकती है, जीएसटी परिषद का निर्णय 21 दिसंबर को।

## 'मोदी अडानी एक' नारा लिखी टीशर्ट पहन संसद पहुंचे राहुल

नई दिल्ली । गौतम अडानी अभियोग के मुद्दे पर संसद के बाहर आज गुरुवार 05 दिसंबर को विपक्ष के नेता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस विरोध प्रदर्शन के दौपान कांग्रेस सांसदों का एक अलग ही अंदाज देखने को मिला। कांग्रेस सांसदों ने गुरुवार (05 दिसंबर) को संसद में मोदी अडानी एक हैं नारे लिखी जैकेट पहनकर प्रदर्शन किया राहुल गांधी मोदी अडानी एक हैं के नारे लिखे हुए टीशर्ट पहने हुए दिखे तो वहीं प्रियंका गांधी मोदी-अडानी एक है वाले काले रंग की जैकेट पहने दिखीं। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी ने कहा, मोदी जी अडानी जी की जांच नहीं करा सकते, क्योंकि अगर वह ऐसा करेंगे तो वह खुद की जांच करा लेंगे...मोदी और अडानी एक हैं। दो नहीं हैं, एक हैं। विपक्षी सांसद अरबपति गौतम अडानी के खिलाफ आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग कर रहा है, जिन पर उनके भतीजे सागर अडानी के साथ अमेरिकी अभियोजकों ने रिश्वतखोरी के आरोप में अभियोग लगाया है। राहुल गांधी ने मोदी अडानी एक



हैं वाली टीशर्ट पहनकर अपनी वीडियो भी सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर शेयर की है। वीडियो शेयर कर राहुल गांधी ने लिखा है, मोदी अडानी एक है, और इस सच्चाई को मीडिया आपको कभी नहीं दिखाएगा। राहुल गांधी ने कहा- मोदी जी, कभी भी अडानी के खिलाफ जांच करवा ही नहीं सकते हैं विपक्षी सांसद अरबपति गौतम अडानी के खिलाफ आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग कर रहा है, जिन पर उनके भतीजे सागर अडानी के साथ अमेरिकी अभियोजकों ने रिश्वतखोरी के आरोप में अभियोग लगाया है। मोदी-अडानी नारे लिखी काली हाफ जैकेट पहनकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने मीडिया के लिए पोज भी दिया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, मोदी जी, अडानी की जांच कराने से डरते हैं...क्योंकि वह ऐसा करा ही नहीं सकते हैं। चाहे कितने भी मामले अडानी के खिलाफ लग जाए, वो ऐसा कभी नहीं कराएंगे। अडानी के खिलाफ जांच कराने का मतलब है कि वो अपने खिलाफ जांच करा लेंगे। 04 दिसंबर को इंडिया ब्लॉक पार्टियों के नेताओं ने अडानी अभियोग मुद्दे पर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया था और मामले की संयुक्त संसदीय जांच की मांग की थी।

## मर्यादाओं को ताक पर रखकर मोदी कर रहे हैं अडानी का बचाव- प्रियंका



नई दिल्ली । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को कहा कि इंडिया समूह के नेता संसद में अडानी भ्रष्टाचार मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मर्यादाओं को तार-तार करके इस उद्योगपति का बचाव कर रहे हैं। संसद भवन परिसर में इस मुद्दे पर इंडिया समूह के सांसदों ने प्रदर्शन किया और इस दौरान श्रीमती वाड्रा ने कहा कि श्री मोदी भ्रष्टाचार का बचाव कर रहे हैं। इसी दौरान कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि शून्यकाल में भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) के निशिकांत दूबे ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी और वायनाड से सांसद श्रीमती वाड्रा के साथ-साथ पूरी कांग्रेस पार्टी के खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है।
श्रीमती वाड्रा ने कहा,देश की जनता चाहती है कि अडानी महा घोटाले पर संसद में चर्चा हो। इंडिया समूह के सभी दल संसद में चर्चा की मांग कर रहे हैं लेकिन नरेन्द्र मोदी जी और सरकार लगातार चर्चा से भाग रहे हैं। सारी मर्यादाओं को तार-तार करते हुए प्रधानमंत्री जी जिस तरह अडानी के भ्रष्टाचार का बचाव कर रहे हैं, वह बेहद हैरान करने वाला है। आज साथी सांसदों के साथ इस मुद्दे पर संसद परिसर में प्रदर्शन किया। श्री वेणुगोपाल ने कहा, सबसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना लोकसभा में तब हुई जब पूरी कांग्रेस पार्टी नेता प्रतिपक्ष पर संभल यात्रा प्रतिबंध का मुद्दा उठा रही थी। माननीय सभापति ने निशिकांत दुबे को शून्यकाल में बोलने की अनुमति दी।भाजपा सांसद ने इस दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ-साथ पूरी कांग्रेस पार्टी के खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है। जब भी हम अडानी के भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हैं, तो वे विपक्ष और कांग्रेस पार्टी को गाली देने पर उतर आते हैं।

## मैं अपना डीएनए टेस्ट कराने के लिए तैयार, मुख्यमंत्री भी डीएनए की जांच कराएं- अखिलेश यादव

कानपुर । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के डीएनए वाले बयान पर समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपने डीएनए की जांच करवाने के लिए तैयार हैं बशर्ते मुख्यमंत्री भी अपने डीएनए की जांच कराएं। योगी ने अयोध्या में रामायण मेले के उद्घाटन के बाद विपक्षी दलों पर समाज को बांटने का आरोप लगाया और कहा कि अयोध्या व संभल में मुगल शासक बाबर की सेना ने जो किया और आज जो बांग्लादेश में हो रहा है, उसका डीएनए एक ही है। अखिलेश ने कानपुर में संवाददाताओं से कहा, मुझे नहीं पता कि मुख्यमंत्री कितना विज्ञान जानते हैं और उन्होंने कितनी बायोलॉजी पढ़ी है लेकिन मैं उनसे अनुरोध करना चाहता हूं कि उन्हें डीएनए के बारे में बात नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा, आपके (मीडिया) जरिए मैं यह पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि उन्हें डीएनए के बारे में बात नहीं करनी चाहिए। अगर



वह डीएनए के बारे में बात करते हैं तो मैं डीएनए टेस्ट कराने के लिए तैयार हूं और मुख्यमंत्री को भी अपना डीएनए टेस्ट कराना चाहिए।
अखिलेश ने कहा, डीएनए की बात करना उन्हें (मुख्यमंत्री योगी को) शोभा नहीं देती। एक संत, भगवा वस्त्र धारण किए एक योगी होने के नाते उन्हें डीएनए के बारे में बात नहीं करनी चाहिए। अखिलेश यहां एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे।

## पीएम मोदी के आगमन पर फेस्टिव मूड में नजर आएगा पूरा महाकुंभ नगर और प्रयागराज

महाकुंभ नगर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 दिसंबर को महाकुंभ 2025 की तैयारियों का जायजा लेने और परियोजनाओं का लोकार्पण करने महाकुंभ नगर और प्रयागराज आ रहे हैं। उनके आने से पूर्व स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 7 दिसंबर को सभी तैयारियों का जायजा लेंगे। पीएम मोदी की यात्रा के मद्देनजर सभी विभागों को अपनी दफ्तरों और इमारतों के सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए गए हैं। इमारतों को फसाड लाइटिंग से रौशन किए जाने की भी योजना है। इसके अतिरिक्त प्रमुख चौराहों और सड़कों को भी दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, जिन परियोजनाओं का प्रधानमंत्री लोकार्पण करेंगे, उन्हें भी समय से पूर्व पूर्ण किए जाने के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए हैं। मंडलायुक्त ने बताया कि पीएम मोदी के दौरे की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इन्हें निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री के आने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी भ्रमण 7 दिसंबर को होना है। सीएम के निर्देशों के अनुसार सभी कार्य कराए जा रहे हैं। सीएम स्वयं इन सभी कार्यों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की यात्रा के दौरान पूरा शहर स्वच्छ और हरित महाकुंभ की परिकल्पना को साकार करता नजर आएगा। शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार, सभी विभागों को अपने-अपने दफ्तरों को शोभनीय बनाते हुए उसमें फसाड लाइटिंग और उसका यथासंभव सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस दिशा में



भी काम जोर-शोर से चल रहा है। इसके अतिरिक्त प्रमुख चौराहों, सड़कों और पार्कों को भी सजाया जाएगा। मंडलायुक्त ने बताया कि पीएम के दौरे को लेकर सभी विभाग और अधिकारी पूरी तत्परता से जुटे हुए हैं। पीडब्ल्यूडी सभी महत्वपूर्ण सड़कों का नवीनीकरण तेजी से पूरा कर रहा है। सभी जंक्शंस और सड़क सौंदर्यीकरण का कार्य प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी और पीडब्ल्यूडी द्वारा समय पर पूर्ण कर लिया जाएगा। नगर निगम की ओर से स्ट्रीट लाइटिंग और थीमैटिक लाइटिंग का कार्य किया जा रहा है। विद्युत विभाग की ओर से सभी पावर केबल्स को बिछाने का काम भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सीएंडडीएस द्वारा गेट्स और इंस्टॉलेशन वर्क कंप्लीट कर लिया जाएगा। कॉरिडोर्स के काम को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है और इसे समय पर पूरा कर लिया जाएगा। घाटों पर स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखने के लिए दिन रात काम हो रहा है। पीएम के दौरे से पहले 7 दिसंबर को सीएम योगी महाकुंभ नगर और प्रयागराज में तैयारियों का जायजा लेंगे और खोया-पाया केंद्र तथा सेक्टर-1 में स्थापित पब्लिक एकमोडेशन का उद्घाटन भी करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सीएम योगी 7 दिसंबर को अपनी यात्रा के दौरान सर्किट हाउस में पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर संगठन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। यहीं पर वह महाकुंभ 2025 के कार्यों की समीक्षा बैठक में भी हिस्सा लेंगे। इसके अतिरिक्त वह अलोपीबाग फ्लाई ओवर एवं अलोपीबाग रोड का निरीक्षण करेंगे। प्रयागराज मेला क्षेत्र के सेक्टर-1 में स्थापित पब्लिक एकमोडेशन और परेड क्षेत्र में खोया पाया केंद्र का उद्घाटन करने के साथ ही वह पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों का मार्गदर्शन भी करेंगे। सीएम योगी अरैल बंधा रोड, त्रिवेणी पुष्प, फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट नैनी एवं एसटीपी नैनी के साथ ही शिवालय पार्क का भी निरीक्षण करेंगे।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने वैज्ञानिकों से कृषि क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने का आह्वान किया



भुवनेश्वर । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कृषि वैज्ञानिकों से प्राकृतिक आपदाओं, जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों और संसाधनों के अत्यधिक दोहन से निपटने के लिए समय पर प्रौद्योगिकियों को विकसित करने और प्रसारित करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने यहां ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (ओयूएटी) के 40वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुये कृषि वैज्ञानिकों से जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मिट्टी, पानी और पर्यावरण की रक्षा के लिए विचार प्रस्तुत करने का भी आग्रह किया। मुर्मू ने कहा, ''कृषि क्षेत्र प्राकृतिक आपदाओं, जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों, प्रति व्यक्ति खेतों के आकार में कमी और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन जैसी नई चुनौतियों का सामना कर रहा है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए हमारे वैज्ञानिकों को समय पर तकनीक विकसित और प्रसारित करनी होगी। हमें पर्यावरण संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जल एवं मृदा संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल पर जोर देना होगा।'' उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन से संबंधित मुद्दे जैसे तापमान में वृद्धि और ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि देश में कृषि उत्पादन को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''कृषि वैज्ञानिकों के पास ऐसे सभी मुद्दों से निपटने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।'' उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक इस्तेमाल भी इस क्षेत्र के लिए नई चुनौतियों के रूप में उभरा है।'' राष्ट्रपति ने कहा, ''मिट्टी, पानी और पर्यावरण पर इनका (उर्वरक और कीटनाशकों का) प्रभाव सभी के लिए चिंता का विषय है। युवा वैज्ञानिक इन समस्याओं का समाधान खोज लेंगे।'' हालांकि, उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि पिछले एक दशक में भारत ने कृषि उत्पादन और अन्य देशों को कृषि उत्पादों के निर्यात में असाधारण सफलता हासिल की है। मुर्मू ने कहा, ''यह हमारे कृषि वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन और हमारे किसानों की अथक मेहनत के कारण संभव हुआ है।'' उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कृषि, मत्स्य उत्पादन और पशुधन के विकास से भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है।
राष्ट्रपति ने छात्रों से अपने नवाचारों एवं समर्पित कार्यों के माध्यम से 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में योगदान देने का भी आग्रह किया।

## योगी ने किये रामलला के दर्शन, हनुमानगढ़ी में टेका मत्था



अयोध्या । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। राम कथा पार्क हेलीपैड से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे रामकथा पार्क पहुंचे, यहां उन्होंने 43वें रामायण मेले का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री यहां से हनुमानगढ़ी पहुंचे। यहां संकटमोचन हनुमानजी के दर्शन-पूजन कर आरती उतारी। इसके बाद मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीरामलला के दर्शन-पूजन कर देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। इससे पहले मुख्यमंत्री 20 नवम्बर को सुग्रीव किला द्वार के लोकार्पण एवं संत सम्मेलन के कार्यक्रम में अयोध्या आए थे।
रामलला के चरणों में लगाई हाजिरी हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए।
सीएम योगी ने रामलला के मंदिर में साष्टांग दंडवत होकर प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां हो रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

# संपादकीय

## मानसिक रोगों को दूर करने में मदद करेंगे ये योगासन



मानसिक रोगों को काफी हद तक योगासन की मदद से ठीक किया जा सकता हैं। योग शरीर को अधिक शक्तिशाली बनाता है और कार्यक्षमता को बढ़ाता है। ये संज्ञान शक्ति में तत्काल वृद्धि का कारक भी हो सकता है। ये तनाव से मुक्त करता है और मस्तिष्क के द्वारा संचालित सभी महत्वपूर्ण क्रियाओं के संचालन में मदद करता है। नीचे दिए गए योगासनों की मदद से आप इसमें मदद पा सकते हैं। भ्रामरी प्राणायाम - नकारात्मक भावनाये जैसे क्रोध, झुंझलाहट, निराशा और चिंता से मुक्त करता है। एकाग्रता और स्मृति को बढ़ाता है। आत्म विश्वास को बढ़ाता है। यह एक साधारण प्रक्रिया है जिसको घर य ऑफिस, कहीं पर भी किया जा सकता है। यह प्राणायाम चिंता-मुक्त होने का सबसे अच्छा विकल्प है। पाद पश्चिमोत्तानासन - रीढ़ की हड्डी को खींच कर तनाव मुक्त करता है। मन से क्रोध और चिड़चिड़ाहट दूरकर शांत करता है। सेतुबंध आसन- गर्दन और रीढ़ में खिचाव के द्वारा मजबूती लाता है। मांसपेशियों को विश्राम देता है। मस्तिष्क में रक्त संचार बढ़ाता है। मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को शांत करने में मदद करता है, जिससे चिंता, तनाव और अवसाद को कम किया जा सकता है। सर्वांगासन - थाइरॉइड और पैरा-थाइरॉइड ग्रंथियों को नियमित करता और सुचारु करता है। पीनियल और हाइपोथैलेमस ग्रंथियों में अधिक रक्त पहुंचाकर मस्तिष्क को पुष्ट करता है। सभी संज्ञानात्मक कार्यप्रणाली में सुधार लाता है। हलासन - मस्तिष्क में रक्त प्रवाह को बेहतर कर तंत्रिका तंत्र को शांत करता है। पीठ और गर्दन में खिचाव से तनाव और थकावट को कम करता है। अधिक जानने के लिए यहां क्लिक करें।

## कहानी - एक नया सवेरा



हिम्मत सिंह नाम का एक व्यापारी था जो अपनी एक मात्र संतान के लिए अच्छी व सुयोग्य वधु की तलाश कर रहा था। एक दिन वह अपने व्यापार के सिलसिले में एक शहर की ओर जा रहा था तभी शाम का वक्त हो गया और अंधेरा घिर आया। वह निकट के गांव में पहुँचा और पता करने पर उसे मालूम हुआ कि वहां पर रूकने के लिए कोई धर्मशाला या सराय नहीं है। वह इलाका काफी खतरनाक माना जाता था और अक्सर डाकू वहां से आया जाया करते थे। वह विकट परिस्थिति में उलझ गया था। उसे आगे और पीछे आने जाने में खतरा था जिससे गांव वालों ने आगाह कर दिया था। उसके इस वार्तालाप और चिंता को एक लड़की भांप गयी और उसने आकर उससे निवेदन किया कि आप आज रात हमारी झोपडी मे विश्राम कर ले। हिम्मत सिंह ने ऐसा ही किया और उस लड़की एवं उसके परिवार के प्रति आभार व्यक्त करता हुआ रात्रि विश्राम के बाद सुबह अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गया। हिम्मत सिंह को एक माह के बाद अचानक ही याद आया कि वह मोहरों की एक थैली उसी झोपड़े में जल्दबाजी में भूलकर आ गया है। यह ध्यान आते ही वह वापिस उस स्थान पर पहुँचता है और झोपडी में अंदर आते ही लड़की की माँ ने उसे पहचानते हुए कहा कि भईया बहुत अच्छा हुआ कि आप आ गये। आपकी मोहरों की थैली यही रह गयी थी। हमारे पास आपका कोई पता ठिकाना नहीं होने के कारण हम इसे आप तक भिजवाने में असमर्थ थे आपकी वह धरोहर मेरी बेटी कल्पना के पास सुरक्षित रखी है। उसकी बेटी ने आकर वह थैली वैसी की वैसी हिम्मत सिंह को सौंप दी। इस ईमानदारी से हिम्मत सिंह बहुत प्रभावित हुआ और उसने लड़की की सुंदरता, गुणों एवं उसके व्यवहार को देखते हुए अपने पुत्र का विवाह उससे करके उसे अपने घर की पुत्रवधू बना लिया।

## 06 दिसंबर 2024 का पंचांग






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

सूर्योदय- 06.59 प्रात-
सूर्यास्त- 05.36 सायं
सूर्य राशि- वृश्चिक।
चंद्र उदय- 11.12 प्रात-
चंद्र अस्त- 10.26 सायंकाल
चंद्रमा- प्रात- 05.07 बजे उपरांत कुम्भ राशि में।

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना मार्गशीर्ष-05 पूर्णिमांत महीना मार्गशीर्ष-21 पक्ष- शुक्ल पक्ष-05 तिथि-पंचमी दोपहर- 12.08 तक बाद में षष्ठी, नक्षत्र-श्रवण सायं 05.18 तक बाद में धनिष्ठा, योग-ध्रुव प्रात- 10.42 तक व्याघात, करण- बालव दोपहर- 12.08 तक बाद में कौलव रात्रि- 11.39 तक बाद में तैतिल, राहु काल प्रात- 10.30 से 12.00 बजे तक, कुलीक काल प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक यमगंड दोपहर- 03.00 से 04.30 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त- प्रात- 11.56 से 12.39 तक दुमुहूर्त प्रात- 09.06 से 09.49 तक व 12.39 से 01.21 तक
ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.23 से 06.11 तक।

## आज 06 दिसंबर का दैनिक राशिफल।

मेष- चिकित्सा क्षेत्र में शिक्षा ले रहे है तो मुश्किल होगी, डिजिटल मार्केटिंग, कम्प्यूटर पार्ट्स, मोबाइल, कार्ड प्रिंटिंग कार्य चलेगा, कानूनी परेशानी सम्भव है,हड्डी फ्रेक्चर का योग है सावधान रहें।
भाग्य प्रतिशत-54

वृषभ-वक़ालत ना चलने से परेशान रहेंगे, गर्भवती स्त्री को अचानक समस्या सम्भव है, कला, ज्योतिष, कपड़े, चांदी, व्यवसाय में प्रयास बढ़ायेंगे, पिता को हृदय रोग शुगर हो तो ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-56

मिथुन- सेहत प्रभावित रहेगी, कर्ज हो गया है तो घर वालो से छुपाये नहीं अन्यथा मुश्किल होगी, विवाद की स्तिथि आ सकती है, अस्पताल जाना हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-50

कर्क- किसी कार्य में उपरी आमदनी होगी, परिवार में बुजुर्ग की सेहत को लेकर सजग रहे, आंख में तकलीफ़ सम्भव है, फैक्ट्री में कार्य अटक सकता है।
भाग्य प्रतिशत-51

सिंह- कोई केस चल रहा था तो सुलझने की ओर जाएगा, लोहा, स्टील कार्य में परेशानी हो सकती है, परीक्षा अच्छे से जाएगी, थायरायड, आंख में एलर्जी सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-53

कन्या- शारीरिक कार्य अधिक ना करें, बीमार हो सकते है, शेयर खरीदें है तो मध्यम उसमे सुधार देखने को मिलेगा, कोई लिखित परीक्षा देने वाले है तो पकड़ बनाये।
भाग्य प्रतिशत-53

तुला- किराये का घर शिफ्ट करना पड़ सकता है, घरेलू परेशानी को स्वयं हल करेंगे, कोई बड़ी जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी, ससुराल पक्ष से मदद मिल सकती है।
भाग्य प्रतिशत-55

वृश्चिक- खेल सामग्री, स्त्री सम्बन्धित सामान मैन्युफैक्चरिंग कार्य में उन्नती करेंगे, पैसा मिलने में थोड़ी मुश्किल अवश्य होगी, ज्योतिष, पांडित्य कार्य, स्वर्ण व्यवसाय चलेगा।
भाग्य प्रतिशत-66

धनु- आमदनी बढ़ते हुए रुक जाएगी, टेंशन बढ़ेगी, मित्रो के साथ किसी कार्य को शुरू करना चाहेंगे, सगे सम्बन्धी लोगों के विवाह में जा सकते है।
भाग्य प्रतिशत-51

मकर- बहुत सारे विचारो से बचना होगा, पुत्री संतान की प्राप्ति सम्भव है, घर मकान बनाने के लिए फ्लेट जमीन देख सकते है, आमदनी करने में प्रयास अधिक करने पड़ेंगे।
भाग्य प्रतिशत-54

कुम्भ- सरकारी परीक्षा किसी कारणवश छोड़नी पड़ सकती है, विदेश में किसी से प्रेम विवाह में तबदील हो सकता है, नए फ्लेट में शिफ्ट हो सकते है।
भाग्य प्रतिशत-55

मीन- नए लोगों से मिलना होगा, किए हुए इन्वेस्टमेंट से लाभ मिलेगा, बहनो से मुलाकात होगी, किसी से उपहार मिल सकता है, प्रेम संबंधों में फोन पर लम्बी बातचीत होगी।
भाग्य प्रतिशत-65

## सलमान खान के सेट पर हंगामा मचाने वाला संदिग्ध एक जूनियर आर्टिस्ट



मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के सेट पर हंगामा मचाने वाले संदिग्ध का नाम सतीश वर्मा है। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि वो एक जूनियर आर्टिस्ट है। 4 दिसंबर को शूटिंग स्थल पर अचानक एक शख्स घुस आया था जब उसे सिक्योरिटी गार्ड ने रोकने की कोशिश की, तो धमकी भरे लहजे में कहा था कि लॉरेंस को बुलाऊं क्या? जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया था। वो अभी पुलिस हिरासत में है। पुलिस उससे इस मामले के संबंध में पूछताछ कर रही है। लेकिन, पूछताछ में कोई भी संदिग्ध तथ्य सामने नहीं आया है। पुलिस के मुताबिक, सतीश वर्मा जूनियर आर्टिस्ट का काम करता है। वो सलमान खान के सेट पर इसलिए घुसा, ताकि वो अभिनेता के साथ तस्वीरें क्लिक करा सके। लेकिन, सेट पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोक दिया। इस पूरे वाकये के दौरान सलमान खान सेट पर मौजूद नहीं थे। इस घटना की पुलिस गंभीरतापूर्वक विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। बता दें कि लॉरेंस बिश्नोई ने एक टीवी साक्षात्कार में कहा था कि उसके जीवन का एकमात्र लक्ष्य सलमान खान को जान से मारना है। इससे पहले, मुंबई पुलिस ने 12 नवंबर को सलमान खान को धमकी भरे संदेश भेजने के आरोप में 24 वर्षीय एक व्यक्ति को कर्नाटक से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया था कि आरोपी का नाम सोहेल पाशा है। मुंबई पुलिस के अनुसार, पाशा ने यह धमकी भरा मैसेज प्रसिद्धि पाने के लिए किया था। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया था, बॉलीवुड स्टार सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से जान से मारने की धमकी मिली थी। यह धमकी वर्ली स्थित मुंबई ट्रैफिक कंट्रोल रूम को भेजे गए एक संदेश के जरिए दी गई थी। इस संदेश में मैं सिकंदर हूं के गीतकार का ज़िक्र किया गया था और कथित तौर पर गैंग की ओर से खान से 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई थी।

## सनी देओल की जाट का टीजर 12,500 स्क्रीन पर प्रीमियर के लिए तैयार



मुंबई । बॉलीवुड के माचो हीरो सनी देओल की आने वाली फ़िल्म जाट का टीजर पुष्पा 2 से जोड़ा जाएगा, जो पूरे दुनियाभर में 12,500 स्क्रीन पर प्रीमियर होने वाला है। सनी देओल की आने वाली फिल्म जाट अपनी घोषणा के बाद से ही काफ़ी चर्चा में रही है और अब दर्शकों को एक रोमांचक सरप्राइज़ मिलने वाला है। इस फ़िल्म का बहुप्रतीक्षित टीज़र विशेष रूप से पुष्पा 2 से जोड़ा जाएगा। यह किसी भारतीय फ़िल्म का सबसे बड़ा टीज़र लॉन्च है, जिसका टीज़र पूरे दुनियाभर में शानदार 12,500 स्क्रीन पर प्रीमियर होने वाला है। गोपीचंद मालिनेनी द्वारा निर्देशित और प्रतिष्ठित माइथ्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा निर्मित, जाट भारतीय सिनेमा में नए मानक स्थापित करने के लिए तैयार है। इस फिल्म में सनी देओल के साथ रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसंड्रा प्रमुख भूमिकाओं में हैं।थमन एस द्वारा कम्पोज म्यूजिक, फिल्म के इमोशनल और एक्शन से भरपूर पलों को बढ़ाने के लिए अपेक्षित है। सिनेमैटोग्राफर के रूप में ऋषि पंजाबी के साथ, फिल्म में शानदार सीन्स होंगे। एक्शन कोरियोग्राफर अनल अरासु, राम लक्ष्मण और वेंकट की टेक्निकल टीम ने दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखने वाले स्टंट और एक्शन सीक्वेंस देने का वादा किया है।फ़िल्म जाट भारतीय सिनेमा में एक्शन जॉनर को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है और पुष्पा 2 के साथ टीज़र लॉन्च इस रोमांचक यात्रा की शुरुआत है।

## 69 की उम्र में भी एकदम तंदुरुस्त हैं अनुपम खेर, बोले- 'कुछ भी हो सकता है'



मुंबई । अपनी हालिया रिलीज 'विजय 69' की सफलता से उत्साहित हिंदी सिने जगत के बड़े अदाकार अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने फिल्म के लिए किए गए अथक प्रयास की चर्चा की। इंस्टाग्राम पर एक वीडियो मोंटाज शेयर कर खेर ने कैप्शन में लिखा, 卐अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलने के बाद ही आप बदलाव ला सकते हैं। मैं जिस विशेष भूमिका को निभाने की तैयारी में था, उसके लिए मुझे 7 किलो वजन कम करने की जरूरत थी और वजन कम करने में मुझे 3 महीने लग गए। खाने का शौकीन होने के कारण मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं ऐसा कर पाऊंगा। मैंने यह भी नहीं सोचा था कि 'कुछ भी हो सकता है' ऐसा कह पाऊंगा। जय हो! शेयर किए गए वीडियो मोंटाज में अनुपम खेर फिल्म के लिए अपने बढ़े वजन की तस्वीर दिखाते नजर आ रहे हैं। साथ में उनके ट्रेनर भी नजर आ रहे हैं। 'विजय' सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं और अक्सर अपनी एक से बढ़कर एक पोस्ट फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं। फिर, प्रशंसकों को शुभ प्रभात बोलना हो या फिर नए प्रोजेक्ट के बारे में कोई अपडेट देना हो वो झट से सोशल मीडिया का सहारा लेते हैं। इससे पहले बहुमुखी प्रतिभा के धनी अभिनेता ने प्रशंसकों को शुभ प्रभात बोलते हुए बेहद सकारात्मक पंक्तियों के साथ अपनी खूबसूरत तस्वीरें साझा की थीं। इंस्टाग्राम अकाउंट पर उगते सूरज के साथ तस्वीरें शेयर कर अनुपम खेर ने कैप्शन में लिखा था, आसमान की ओर देखो, अपने पंख फैलाओ और उड़ जाओ। अनुपम खेर की 'विजय 69' हाल ही में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई, जिसे दर्शकों का प्यार मिल रहा है। 'विजय 69' में शानदार एक्टिंग के बाद खेर अब निर्देशन की दुनिया में वापसी करने जा रहे हैं। हाल ही में खेर ने सोनू निगम, कीरावन के साथ एक तस्वीर शेयर कर प्रशंसकों को इसकी जानकारी दी थी। अनुपम खेर अपकमिंग प्रोजेक्ट 'तन्वी द ग्रेट' के साथ निर्देशन में वापसी करने को तैयार हैं। इससे पहले खेर ने साल 2002 में आई मल्टी स्टारर 'ओम जय जगदीश' का निर्देशन किया था। कोरियोग्राफर कृति महेश और 'जवान' के एक्शन निर्देशक सुनील रोड्रिग्स भी अनुपम खेर की 'तन्वी द ग्रेट' क्रू का हिस्सा हैं।

## पुरुष जूनियर एशिया कप- भारत ने पाकिस्तान को 5-3 से हराकर जीता खिताब




मस्कट । अराएजीत सिंह हुंदल के चार गोलों की बदौलत भारत ने बुधवार को पुरुष जूनियर एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को 5-3 से हराकर अपना खिताब बरकरार रखा। इसी के साथ भारत पांचवीं बार यह टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम बन गई हैं। आज यहां ओमान के मस्कट खेले गये फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान के लिए हन्नान शाहिद ने मैच के तीसरे मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके एक मिनट बाद भारत के अराएजीत सिंह हुंदल ने पेनल्टी कार्नर की मदद से चौथे मिनट में गोल कर स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद भारत के अराएजीत सिंह हुंदल ने एक बार फिर कमाल करते हुए दूसरे क्वार्टर में 18वें मिनट में फिर से पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर भारत को बढ़त दिला दी। इसके बाद दिलराज सिंह ने 19वें मिनट में गोलकर भारत की बढ़त 3-1 कर दी। पकिस्तान के लिए सुफिया खान ने 30वें और 39वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल कर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। तीसरा क्वार्टर समाप्त होने के बाद दोनों टीमों का स्कोर तीन-तीन से बराबर रहा। चौथे क्वार्टर मे अराएजीत सिंह हुंदल ने 47वें मिनट में मैदानी गोल और उसके बाद 54वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोलकर स्कोर को 5-3 कर भारत की जीत सुनिश्चत कर दी। भारतीय ने लगातार दूसरी बार पुरुष जूनियर एशिया कप का खिताब जीता है। भारत ने 2023 में भी टूर्नामेंट का चैंपियन रहा था। इससे पहले भारत ने 2015 और 2008 और 2004 में भी यह खिताब जीता था। उल्लेखनीय है कि भारत ने मंगलवार को सेमीफाइनल में मलेशिया को 3-1 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया था।

## पुष्पा-2 के मेकर्स को बड़ा झटका, रिलीज के कुछ ही घंटों में हुई ऑनलाइन लीक




मुंबई । सुकुमार के निर्देशन में बनी फिल्म पुष्पा-2 आज रिलीज हो गई है। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर इस फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस फिल्म को देखने के लिए दर्शक उमड़ रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोग तस्वीर की समीक्षा कर रहे हैं, लेकिन अब इस फिल्म से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। ये खबर प्रोड्यूसर्स के लिए चिंता बढ़ाने वाली है, क्योंकि ये एक्शन थ्रिलर फिल्म ऑनलाइन लीक हो गई है। फिल्म पुष्पा-2 आज 5 दिसंबर सुबह रिलीज हो गई है। फिल्म के कुछ ही शो हुए हैं, इसी बीच फिल्म ऑनलाइन लीक हो गई है। पुष्पा-2 2021 में आई फिल्म पुष्पा द राइज का सीक्वल है। पहला पार्ट ब्लॉकबस्टर होने के बाद मेकर्स ने दूसरे पार्ट की घोषणा कर दी थी। कई बार रिलीज डेट टलने के बाद आखिरकार यह फिल्म आज सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म रिलीज होने के पहले ही दिन कुछ ही घंटों में लीक हो जाना मेकर्स के लिए बड़ा झटका हो सकता है। अब लोग इस फिल्म को फ्री में डाउनलोड करके देख सकते हैं। फिल्म को पायरेसी प्लेटफॉर्म पर 1080p, 720p, 480p, 360p, 240p, HD में लीक किया गया है। इसलिए इस फिल्म के कलेक्शन पर असर पड़ने की आशंका है। रिपोर्ट के अनुसार फिल्म को टोरेंट प्लेटफॉर्म और इबोम्मा, मूवीरुलज़, तमिलरॉकर्स, फिल्मीज़िला, तमिलयोगी, तमिलब्लास्टर्स, बॉली4यू, जैशा मूवीज़, 9अक्स मूवीज और मॉविएदा जैसी पायरेसी वेबसाइटों पर लीक कर दिया गया है। आज 5 दिसंबर सिनेमाघरों में रिलीज हुई पुष्पा 2 के लगभग सभी शो हाउसफुल हैं। ऐसे में अगर यह बहुप्रतीक्षित फिल्म मुफ्त में मिलेगी तो दर्शक थिएटर नहीं जाएंगे। इससे कमाई के मामले में बड़ी मार पड़ सकती है।

## अमिताभ ने अपने ट्विटर पर डाला क्रिप्टिक पोस्ट, गुस्से वाली लगाई इमोजी



मुंबई । सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसे लोग परिवार से जुड़ी अफवाहों से जोड़कर देख रहे हैं। अमिताभ ने अपने ट्विटर पर एक क्रिप्टिक पोस्ट डाला, जिसमें उनका गुस्से वाला रूप दिख रहा है। उन्होंने बस एक शब्द लिखा- चुप! इसके साथ ही उन्होंने गुस्से वाले इमोजी भी लगाए हैं। अब यह सवाल उठ रहा है कि बिग बी ने यह शब्द किसे और क्यों कहा, लेकिन उन्होंने इसका कोई खुलासा नहीं किया है। फैंस का मानना है कि यह पोस्ट उनके बेटे अभिषेक और बहू ऐश्वर्या के रिश्ते पर सवाल उठाने वाले लोगों के लिए हो सकता है। अमिताभ बच्चन का गुस्सा पहले भी सोशल मीडिया पर देखा जा चुका है। एक दिन पहले ही बिग बी ने एक और ट्वीट किया था जिसमें उन्होंने लिखा था, हो गया था काम, फिर और काम आ गया। कुछ शब्द सुनने थे उनको, जिनके पास नहीं रह गया! यह ट्वीट भी बहुत क्रिप्टिक था, और लोग कयास लगा रहे हैं कि इस पोस्ट में अमिताभ ने किसी को ताना मारा है। हालांकि, यह भी साफ नहीं है कि वह किसे इशारा कर रहे थे, लेकिन उनका गुस्सा साफ तौर पर दिखाई दे रहा था। अमिताभ बच्चन के इन गुस्से वाले पोस्ट्स को देखकर यह साफ लगता है कि वह इन दिनों किसी बात से बहुत परेशान हैं। कुछ लोग उनके ट्वीट्स का मजाक भी उड़ा रहे हैं, जबकि कई लोग मानते हैं कि यह उनके परिवार की निजी जिंदगी से जुड़ी अफवाहों के कारण हो सकता है। हालांकि, अमिताभ बच्चन का गुस्सा अब सोशल मीडिया पर और भी ज्यादा दिखाई देने लगा है और इस पर फैंस तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। बता दें कि बच्चन परिवार के बारे में रोज़ नई गॉसिप्स और अफवाहें उड़ रही हैं, जो लोगों के लिए तो एंटरटेनमेंट का कारण बन रही हैं, लेकिन इस परिवार के लिए यह परेशानियां खड़ी कर रही हैं। इन दिनों ऐसी खबरें आ रही हैं कि अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय का तलाक होने वाला है। हाल ही में तो कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया था कि यह कपल ग्रे डाइवोर्स लेने वाला है। इसके बाद आराध्या बच्चन के बर्थडे पर अभिषेक की गैर-मौजूदगी को लेकर भी सवाल उठे थे, हालांकि अब यह साबित हो गया है कि अभिषेक ने अपनी बेटी का बर्थडे मिस नहीं किया था, और सोशल मीडिया पर इसके सबूत भी मिल चुके हैं।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार पर बिकवाली का दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

नई दिल्ली । कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई लेकिन पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने से शेयर बाजार की चाल में गिरावट आ गई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.22 प्रतिशत और निफ्टी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से भारती एयरटेल, टीसीएस, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और विप्रो के शेयर 0.81 प्रतिशत से लेकर 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बजाज ऑटो, एनटीपीसी, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर 1.93 प्रतिशत से लेकर 1.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,341 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,144 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,197 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 9 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 21 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 11 शेयर हरे निशान में और 39 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 226.41 अंक की मजबूती के साथ 81,182.74 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही ये सूचकांक मामूली तेजी के साथ 81,198.87 अंक तक पहुंच गया लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से ये सूचकांक गिरता चला गया। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10.15 बजे सेंसेक्स 178.10 अंक लुढ़क कर 80,778.23 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 71.70 अंक उछल कर 24,539.15 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद पहले 20 मिनट तक इस सूचकांक की चाल में मामूली उतार-चढ़ाव होता रहा लेकिन इसके बाद जोरदार बिकवाली होने की वजह से इस सूचकांक ने लाल निशान में गोता लगा दिया। हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक गिर कर 24,388.45 अंक तक पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10.15 बजे निफ्टी 64.50 अंक फिसल कर 24,402.95 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 110.58 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ 80,956.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 10.30 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,467.45 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## ठण्ड से बचाव हेतु 500 ऊनी कंबलों का वितरण किया गया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहरे। में जिला कारागार बुलन्दशहर में रोटरी क्लब बुलन्दशहर फ्रेंडस द्वारा कारागार में निरूद्ध गरीब व बुजुर्ग पुरूष एवं महिला बंदियों को ठण्ड से बचाव हेतु 500 ऊनी कंबलों का वितरण किया गया। कंबल वितरण का शुभारम्भ परम ग्रुप के एमडी श्री राजीव कुमार और रोटरी क्लब बुलन्दशहर फ्रेडस के अध्यक्ष श्री मुकेश गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के अन्य अतिथिगण/सदस्य भी उपस्थित रहे।

## सिकंदराबाद थाना परिसर में बैठक हुई



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। सिकंद्राबाद थाना परिसर में बैठक हुई जिसमें रविंद्र शर्मा ने नगर क्षेत्र में मुख्य मार्गो पर अतिक्रमण, पेड़ों के अवैध कटान और फैक्ट्री एरिया में बढ़ते प्रदूषण के मुद्दों को प्रमुखता से रखा है। सिकंद्राबाद में अनेक बार अधिकारियों ने कार्यवाही का भरोसा दिया है लेकिन कोई भी मुद्दा हल नही हो रहा है जबकि कल मुख्यमंत्री श्री आदित्यनाथ जी ने लाउड स्पीकर, और अतिक्रमण के विषय पर तत्काल संज्ञान और समाधान के लिए कहा है। लेकिन हमारे क्षेत्र में पेड़ पौधे और बच्चों के भविष्य खराब किए जा रहे हैं और फैक्ट्रियों में प्लास्टिक, रबर और कपड़े जला कर भयंकर प्रदूषण किया जा रहा है और माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है और अगर सुधार नहीं हुआ तो क्षेत्र वासी आंदोलन पर विवश होंगे।

## कल मनाई जाएगी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि 6 दिसंबर को बुलंदशहर अंबेडकर पार्क बड़ी धूमधाम के साथ मनाई जाएगी जिसको लेकर बसपा के मेरठ कोऑर्डिनेटर राजेंद्र सिंह ने बताया कि बसपा के तमाम पदाधिकारी ने जोरो तौरो से तैयारी शुरू कर दी है वही सभी लोग एकत्रित होकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की माला अर्पण करेंगे उसके उपरांत विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए उनकी विचारधाराओं से सभी लोगों को अवगत कराएंगे

## टैंकर अन्यत्रित होकर सड़क पर पलटा बाल बाल बचे चालक परिचालक



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। शिकारपुर तहसील क्षेत्र के मेरठ बदायूं हाईवे पर रानऊ गांव के निकट शाम के समय तेज रफ्तार टैंकर अन्यत्रित होकर सड़क पर पलट गया गनीमत रही कि किसी के कोई खास चोट नहीं आई लेकिन चालक परिचालक को ग्रामीणों ने टैंकर का शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया और दोनों बाल बाल बचे हैं। सूचना पर डायल 112नंबर मौके पर पहुंच गई थी।

## उतर प्रदेश सम्भल मे मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा मे मारे गए पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। उतर प्रदेश सम्भल मे मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा मे मारे गए पीड़ित परिवारों से मिलने जाने पूर्व कुवर प्रमोद यादव ने बताया प्रदेश पुलिस प्रशासन द्वारा गिरफ्तार करना लोक तंत्र की हत्या है रात्रि से ही पूरे परिवार को कब्जे लिया ,परिवार को डराया प्रताड़ित उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकार कितना ही जुल्म करले हमारी संघर्ष जारी रहेगा भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरे देश में हिन्दू मुस्लिम के नाम दंगा भड़काने का कुचक्र कर रहे हैं उतर प्रदेश के मुख्यमंत्री बाबा योगी आदित्य नाथ खुद कहते हैं बटो गे -तो कटो गे यह प्रदेश का दुर्भाग्य है कुवर प्रमोद यादव राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड विधानसभा सिकंदराबाद बुलंदशहरअमरपाल सिंह प्रधान प्रदेश सचिव समाजवादी बाबासाहेब आंबेडकर वाहिनी और अन्य कार्यकर्ता हुआ ग्राम प्रधान और ग्रामवासी कन्या साथ रहे

## जेवर क्षेत्र के गांव डुढ़ेरा में हुई बॉलीवुड फिल्म घोड़ी पे चढ़कर आना की शूटिंग

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। जहांगीरपुर बुलंदशहर गौतमबुद्ध नगर जिले के गांव डुढ़ेरा में ग्राम प्रधान दिनेश शर्मा के घर पर घोड़ी पे चढ़कर आना फिल्म की शूटिंग चल रही है। कॉमेडी फिल्म फिल्म घोड़ी पे चढ़कर आना के प्रोड्यूसर कैलाश मासूम जेवर क्षेत्र के गांव दयानतपुर के मूल निवासी हैं जो काफी समय से मुम्बई में रह रहे हैं। बता दें कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जो कि जेवर क्षेत्र में बना है के पास ही फिल्म सिटी बनना प्रस्तावित है फिल्म सिटी बनने से पहले ही जेवर क्षेत्र में बॉलीवुड फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है जो जेवर क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। फिल्म के प्रोड्यूसर कैलाश मासूम ने बताया कि कॉमेडी फिल्म घोड़ी पे चढ़कर आना की शुटिंग के शुभारंभ पर गांव डुढेरा में क्षेत्रीय विधायक धीरेन्द्र सिंह, ए सी पी जेवर सार्थक सेंगर, कोतवाली प्रभारी जेवर संजय सिंह तथा गांव डुढेरा के प्रधान दिनेश शर्मा ने फीता काट कर किया। फिल्म घोड़ी पे चढ़कर आना के डायरेक्टर प्रकाश जायसवाल ने बताया कि कॉमेडी फिल्म में राजपाल यादव, अरुण बख्शी,पंकज झा, प्रबुद्ध मासूम, शिवानी कुमारी तथा संतोष बदल सहित दर्जनों कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करते नजर आएंगे। कॉमेडी अभिनेता राजपाल यादव ने बातचीत के दौरान बताया कि मुम्बई महाराष्ट्र हमारी कर्मभूमि है और उत्तर प्रदेश हमारी जन्मभूमि बहुत अच्छा लग रहा है कि आज हमने अपनी जन्मभूमि पर एक फिल्म की शुरुआत की है अच्छा लगा जेवर क्षेत्र की जनता को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, फिल्म सिटी और फार्मूला रेश की बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी जेवर क्षेत्र में फिल्म बनाने का मौका जरूर मिलेगा। शिवानी कुमारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में फिल्म की शूटिंग करने में बहुत अच्छा महसूस हो रहा है क्षेत्र के लोगों का प्यार तथा सहयोग भरपूर मिल रहा है। फिल्म घोड़ी पे चढ़कर आना की शुटिंग में क्षेत्र के लोगों को भी शामिल किया गया जिनमें गांव डुढेरा प्रधान दिनेश शर्मा, योगेश कुमार शर्मा पत्रकार, इमानुल हक फारूकी पत्रकार सहित कई लोग शूटिंग में शामिल रहे।





## उर्स मेले में ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन किया गया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। जहांगीराबाद नगर में हजरत बाबा बेफिक्र शाह की दरगाह पर चल रहा हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतिक उर्स मेले में ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष किशनपाल सिंह लोधी ने शमा रोशन करके किया। मुशायरा में देश की मशहूर शायरा राधिका मित्तल ने अपने अंदाज में राजनीतिक नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राजनीति के तहत हिंदू मुस्लिम को आपस में लड़ाया जा रहा है जो देश के लिए घातक है, उन्होंने अपनी ग़ज़ल में कहा भारत में कोई हिंदू नहीं कोई मुस्लिम नहीं सब यहां भाई-भाई हैं। । उन्होंने पंक्तियों में देश में मोहब्बत का पैगाम देने की कोशिश की। इनके अलावा शायर निकहत अमरोही, अली बाराबंकी, फेईम कमाल पुरी,डॉ सोयब गुल मेरठ,डॉ इफ्तखार पुरकाजी,राधिका मित्तल गाजियाबाद,नवाजिश नजर शामली अदालत,गुलजार जिगर निजामत। राहे निजामी बुलन्दशहर,अशोक गुलावठी,प्रदीप स्याना,सलीम दर्द आदि शायरों ने शमा बांधा, लोगों ने रात भर मुशायरे का आनंद लिया। दरगाह सज्जादानशीन सूफी सकलैन हसन ने मुख्यातिथियो का पगड़ी बांधकर सम्मान किया। मुशायरे की अध्यक्षता एडवोकेट इरशाद शरर ने व निजामत शायर गुलजार जिगर ने किया। इस मौके पर सपा नेता शेख रईस अहमद,सभासद सुल्तान अंसारी, पूर्व सभासद सन्तोष लोधी,इकबाल पठान,रब्बानी खां, यूसुफ अंसारी, सईद अहमद,नईम अंसारी ,गोपाल लोधी समेत आदि मौजूद थे।

## संभल में जुमे की नमाज से पहले कड़ी की गई सुरक्षा-व्यवस्था

संभल । उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा के बाद दूसरे जुमे की नमाज को देखते हुए जिला प्रशासन की तरफ से सुरक्षा-व्यवस्था की विशेष तैयारी की गई है। सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बलों को तैनात करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने गुरुवार को बताया, आज हमने 30 समितियों के साथ बैठक की। इसके अलावा, हमने सभी मस्जिदों के प्रमुखों से भी बात की। जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से हो, इसके लिए तीन लेयर की सुरक्षा के प्रबंध किए जाने का निर्देश दिया गया। इससे पहले भी तीन लेयर की सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने कहा, हम जुमे की नमाज को लेकर पूरी तरह से सतर्क और सजग हैं। राहत की बात यह है कि सब कुछ नियंत्रण में है और शांत है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशासन की तरफ से ऐसी कोई संख्या निर्धारित नहीं की गई है कि कितने लोग जुमे की नमाज के लिए आ सकते हैं। लेकिन, हमने अपील की है कि कम से कम संख्या में लोग नमाज के लिए आएं उन्होंने कहा, पिछली जुमे की नमाज में महज 700 से 800 लोग ही आए थे। मेरी लोगों से यही अपील है कि वो इतनी संख्या में इस बार भी नमाज के लिए आए।



उन्होंने कहा, हमने सभी मस्जिदों के प्रमुखों से यही अपील की है कि जिस तरह से पहले नमाज पढ़ा जाता था, ठीक उसी प्रकार से इस बार भी पढ़ा जाए। उत्तर प्रदेश के संभल स्थित जामा मस्जिद के सर्वे का विरोध कर रहे लोगों ने सर्वे टीम और पुलिस पर हमला कर दिया था। इसके बाद स्थिति हिंसात्मक हो गई। इस हिंसा की जद में आकर कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी, तो कई घायल हो गए थे। शासन की तरफ से स्पष्ट निर्देश है कि इस हिंसा में संलिप्त किसी भी उपद्रवी को बख्शा नहीं जाएगा।

बीते दिनों सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उपद्रवियों को चिह्नित कर उनके पोस्टर जारी किए गए थे। शासन की तरफ से यह भी कहा गया था कि इन उपद्रवियों के बारे में जानकारी देने वाले को इनाम भी दिया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश- कार के डिवाइडर से टकराने की दुर्घटना में दो युवकों की मौत, पांच लोग घायल

महोबा । उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में बुधवार रात एक तेज रफ्तार कार के डिवाइडर से टकराने की दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) वंदना सिंह ने बताया कि बुधवार रात पुलिस को सूचना मिली कि झांसी-मिर्जापुर राजमार्ग में सुगिरा गांव के नजदीक एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में कार सवार और मऊरानीपुर के रहने वाले अंश पटेल (20) और घुटई गांव के रहने वाले मनीष पटेल (28) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि वाहन में सवार प्रदीप पटेल, मुकेश पटेल, विपिन पटेल, योगेंद्र और प्रिंस पटेल घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया,




जिनमें से विपिन की हालत गंभीर होने पर उसे झांसी स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कार में सवार सभी लोग झांसी जिले के मऊरानीपुर कस्बे से महोबा जिले के कुलपहाड़ कस्बे में एक बारात में शामिल होने आ रहे थे। वंदना ने बताया कि दोनों युवकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर सड़क हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।

## नीलगाय से एक साथ कार और बाइक टकराई, एक की मौके पर मौत, दो घायल

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

शिकारपुर। थाना सलेमपुर क्षेत्र के अंतर्गत मेरठ बदायूं हाईवे पर हलपुरा हनुमान मंदिर के पास नीलगाय से एक साथ कार और बाइक टकराई, जिसमें बाइक सवार एक की मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। सलेमपुर थाना पुलिस को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची, और घायलों को शिकारपुर सीएचसी उपचार हेतु पहुंचाया गया। वहीं पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश पुत्र रामकिशोर निवासी ग्राम चाणेकर गोटिया लोची नगला थाना सिविल लाइन नवादा चौकी जनपद बदायूं उम्र करीब 35 वर्ष दिल्ली से गुरुवार शाम को बाइक से अपने गांव जा रहा था जैसे ही बाइक थाना सलेमपुर क्षेत्र के



अंतर्गत हलपुरा मंदिर के पास पहुंची कि अचानक नीलगाय कार और बाइक से टकरा गई। जिसमें राकेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि ऋषभ पुत्र राकेश निवासी उपरोक्त उम्र करीब 8 वर्ष व एक और व्यक्ति मैकूलाल निवासी उपरोक्त उम्र करीब 13 - 14 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। एक घायल की हालत गंभीर रूप से होने की वजह से उसे चिकित्सकों ने उपचार के बाद हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया गया है। उधर सलेमपुर थाना प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार चौहान ने बताया है कि पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को राकेश की मौत की सूचना दी है। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

## अल्ट्राटेक यशस्वी प्रधान सम्मान से जरगवां ग्राम प्रधान को सम्मानित किया गया






**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर ।रामघाट अल्ट्राटेक यशस्वी प्रधान सम्मान से जरगवां ग्राम प्रधान को सम्मानित किया गया। आपको बता दे मेरठ जोन से अल्ट्राटेक कंपनी के विवेक जैन व दैनिक जागरण मेरठ के संपादक तरुण गुप्ता ने जनपद बुलंदशहर डिबाई ब्लॉक के ग्राम प्रधान वीरपाल सिंह यादव द्वारा गांव में उत्कृष्ट विकास कार्य करने पर मेरठ जोन से अल्ट्राटेक सीमेंट यशस्वी से सम्मानित किया गया है। इस मौके पर कोशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार )कपिल देव अग्रवाल जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर ने जनपद बुलंदशहर डिबाई ब्लाक के जरगवां ग्राम प्रधान वीरपाल यादव को यशस्वी प्रधान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया सम्मान पाने के बाद ग्राम प्रधान वीरपाल सिंह यादव ने दैनिक जन सागर टुडे के पत्रकार जे पी गौतम से वार्ता करते हुए बताया अल्ट्राटेक सीमेंट के और दैनिक जागरण संपादक ने यशस्वी प्रधान प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है वह मुझे नहीं जरगवां ग्राम पंचायत के लोगों का सम्मान है।मुझे बहुत खुशी हुई है मेरठ जोन में जरगवां गांव चुना गया और गांव का नाम रोशन हुआ है।

## 06 दिसम्बर को डॉ० भीमराव अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस एवं जनपद संभल में घटित हुई घटना के सम्बन्ध में की गयी समीक्षा बैठक

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र,मेरठ श्री कलानिधि नैथानी द्वारा जनपद में प्रथम आगमन पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार सहित अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री शंकर प्रसाद व अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्री नरेश कुमार एवं समस्त क्षेत्राधिकारियों के साथ पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में जुमे की नमाज, आगामी 06 दिसम्बर को डॉ0 भीमराव अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस एवं जनपद संभल में घटित हुई घटना के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गयी। डीआईजी महोदय द्वारा समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को उच्चाधिकारियों के आदेशों/निर्देशों से अवगत कराते हुए जनपद बुलन्दशहर में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस, जुम्मे की नमाज को सकुशल/शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया। साथ ही जनपद संभल में घटित हुई घटना के दृष्टिगत उच्चाधिकारियों के आदेशों/निर्देशों से अवगत कराया गया। उन्होने कहा कि आपराधिक तत्वो पर पैनी नजर रखी जाये तथा कोई भी मामला संज्ञान में आने पर तत्काल कार्यवाही की जाये, साथ ही जनपद में पुलिस की छवि एवं व्यवहार कुशल बनाए रखने आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर शत-प्रतिशत कार्यवाही करने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गये। इसके अतिरिक्त सभी थाना प्रभारियों को लंबित विवेचनाओं के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।




## उत्तर प्रदेश-ट्रेन में सीट को लेकर हुए विवाद के बाद हमले में एक युवक की मौत, दो लोग घायल

अमेठी । जम्मू से वाराणसी आ रही बेगमपुरा एक्सप्रेस में सीट पर बैठने को लेकर हुए विवाद में चाकू से किये गये हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, बृहस्पतिवार को जम्मू से वाराणसी आ रही बेगमपुरा एक्सप्रेस में लखनऊ से निहालगढ़ के बीच सीट पर बैठने को लेकर दो यात्रियों के बीच विवाद हो गया और मामला इतना बढ़ गया की एक व्यक्ति ने चाकू से हमला कर दिया, जिसमें तौहीद (24) नाम के युवक की मौत हो गई। मृतक तौहीद अंबाला से अपने घर आ रहा था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि लखनऊ के बाद सीट पर बैठने को लेकर सुलतानपुर के एक युवक का तौहीद से विवाद हो गया, जिसके बाद आरोपी ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर तौहीद पर चाकू और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि तौहीद ने इस घटना की सूचना अपने परिजनों को दी, जिसके बाद उसके दो भाई निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां पर युवकों ने उसक भाई तालिब और तौसीफ पर भी हमला कर दिया, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। अधिकारी ने बताया कि तालिब को जगदीशपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ ट्रामा सेंटर स्थानांतरित कर दिया गया जब कि तौसीफ का इलाज स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना प्रभारी निरीक्षक तनुज पाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने बताया कि आरोपी युवकों को राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने सुलतानपुर रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार कर लिया।

## बलिया में मां-बच्चे की मौत के मामले में नर्स और अन्य पर मुकदमा दर्ज

बलिया ।उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मां और बच्चे की कथित तौर पर मौत के मामले में स्टाफ नर्स, उसके पति तथा आशा कार्यकर्ता के साथ ही तीन अन्य लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के रूकूनपुरा गांव के रहने वाले लाल साहब साहनी की पत्नी सुधा (34) को बुधवार को एक निजी प्रसूति केंद्र में भर्ती कराया गया था लेकिन बाद में उसे आशा कार्यकर्ती मीना देवी की कथित सलाह पर इस स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। बांसडीह थाना प्रभारी संजय सिंह के मुताबिक, सुधा को स्टाफ नर्स मंजू सिंह द्वारा संचालित प्रसूति केंद्र में भर्ती किया गया और बुधवार देर रात प्रसव के दौरान महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़त गई तथा उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने सुधा और उसके बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिंह ने बताया कि महिला के देवर राम ईश्वर साहनी की शिकायत पर स्टाफ नर्स मंजू सिंह, उसके पति नंदकुली सिंह, आशा कार्यकर्ता मीना देवी और तीन अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने स्टाफ नर्स मंजू सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की है।

# आदर्श नगर कॉलोनी में चलाया आजाद समाज पार्टी का सदस्यता अभियान



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । मोदीनगर रोड पर स्थित आदर्श नगर कॉलोनी में आजाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एव भीम आर्मी चीफ़ एडवोकेट चंद्र शेखर आजाद सांसद नगीना के निर्देश पर सदस्यता अभियान चलाते हुए राकेश कुमार मसंद डीलर, अरुण कुमार एडवोकेट, प्रिंस विमल, आशीष कुमार, एडवोकेट प्रदीप कुमार, महिपाल सिंह, जगदीश प्रसाद, बिट्टू जाटव, पिंटू कुमार, मनोज, श्रीकांत, पुरूषोत्तम सिंह शरण वीर सिंह, प्रधानाचार्य अंशुल फौजी, राजेश कुमार ने देव कौशल व मुकेश प्रधान लोधी सदस्य परदेश कोर कमेटी आजाद समाज पार्टी काशीराम की मौजूदगी में करीब दर्जन व लोगों ने सदस्यता ग्रहण की और सदस्यता अभियान ग्रहण करने के बाद लोगों ने कहा कि हम आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के हाथों को मजबूत पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे।

# उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा वर्चुअल पौरोहित्य प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में पौरोहित्य प्रशिक्षण शिविर केंद्रों का उद्घाटन ऑनलाइन एक साथ संपन्न हुआ।जिसमें संस्थान के प्रशिक्षक आचार्य विनय कुमार मिश्रा ने बड़े ही श्रद्धा भाव से मंगलाचरण का पाठ किया। प्रशिक्षक आचार्य घनश्याम द्विवेदी ने संस्थान गीतिका के माध्यम से सभी को भाव विभोर कर दिया।प्रशिक्षक आचार्य नरेश बाबू दीक्षित ने स्वागत भाषण में अपने विचार व्यक्त करते हुए संस्थान के सभी पदाधिकारी सभी जनपदों के प्रशिक्षक गण की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सबका स्वागत किया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रशासनिक अधिकारी श्री जगदानंद झा ने कहा कि समाज में पुरोहित की बहुत बड़ी




भूमिका है।पुरोहित जन्म से मृत्यु तक के सभी संस्कारों को कराता है।पुरोहित के संबंध परिवारों से व्यक्तिगत होते हैं।पुरोहित परिवार समाज व राष्ट्र को उत्तम बनाने में अपनी भूमिका प्रस्तुत करता है।हमारे धर्म,सब शास्त्रों की रक्षा करते हुए समाज में संस्कारों का ज्ञान देता है।संस्थान के सर्वेक्षक श्री महेंद्र पाठक ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए तीन माह तक प्रशिक्षण शिविर के सुचारु रुप से निर्वाध रुप से प्रशिक्षण की सफलता की कामना कीद्य निदेशक विनय कुमार श्रीवास्तव तथा प्र.अ. दिनेश कुमार मिश्र ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं तथा धन्यवाद ज्ञापन में गाजियाबाद के प्रशिक्षक डॉ अग्नि देव शास्त्री ने अपने संबोधन में संस्कृत संस्थान के सभी अधिकारियों पदाधिकारियों सभी केंद्र के प्रशिक्षको को धन्यवाद देते हुए कहा कि पुरोहित धर्म का ध्वजवाहक है।कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षक ओमप्रकाश त्रिपाठी ने वैदिक मंत्र का पाठ किया। उपरोक्त वर्चुअल कार्यक्रम का संयोजन संस्थान के दिव्यरंजन एवं शिवम गुप्ता ने किया।उपरोक्त कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रशिक्षक डॉ अखिलेश चंद्र पाठक ने किया।

# लोकहित संगठन को छोड़कर आए कार्यकर्ताओं ने भाकियू बाबा की ग्रहण की सदस्यता



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। भारतीय किसान यूनियन बाबा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहसिन उर्फ बबलू द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए लोकहित संगठन को छोड़कर आए करीब तेरह दर्जन कार्यकर्ताओं सहित नासिर चौधरी,रहमान, अमित मावी, सुमित मावी व डॉक्टर योगेंद्र आदि को संगठन के सदस्यता ग्रहण कराई व राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहसिन उर्फ़ बबलू ने कहा कि नोएडा में चल रहे प्रकरण को लेकर उनकी रणनीति तैयार है आने वाले समय में भारतीय किसान यूनियन बाबा जब नोएडा के लिए कूच करेगी तो आर पार की लड़ाई में फतह हासिल करके ही वापस लौटेगी। इस अवसर पर नासिर चौधरी ने कहा कि उनके करीब 270 कार्यकर्ता अपने-अपने वाहनों में डीजल फुल कर कर खड़े हुए हैं जैसे हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेश होगा तुरंत सभी नोएडा के लिए कूच करेंगे। इस अवसर पर राशिद मलिक, सुमित मावी अमित अदना, पंकज गोयल, नितिन जाटव, महेश, नासिर चौधरी, रहमान व नंबरदार आदि लोग उपस्थित रहे।

# किसी भी परिस्थिति में ब्रेक डाउन होने पर पावर बैकअप की सुविधा उपलब्ध रखें- जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**




गाजियाबाद। महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में विद्युत विभाग से सम्बंधित एक महत्वपूर्ण बैठक विद्युत विभाग, नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, आईटीआई, पॉलीटेक्निक एवं जिला सैनिक कल्याण निगम सहित अन्य विभागों के साथ आहूत हुई। उ0 प्र0 के ऊर्जा क्षेत्र में आगामी रिफार्म के विरोध में दिनांक 06.12. 2024 को विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन/आन्दोलन करने के लिये गये निर्णय के दृष्टिगत जिलाधिकारी महोदय, गाजियाबाद द्वारा निर्देश पारित किये गये। जिसमें कहा गया कि पूर्व में वर्ष 2023 में हुये आन्दोलन में जिलाधिकारी कार्यालय से निर्गत किये गये आदेशों को पुनः निर्गत कराया जाये। ऐसे संस्थान जिनको निर्वाध विद्युत आपूर्ति प्रदान की जानी है, से सम्पर्क स्थापित कर किसी भी परिस्थिति में ब्रेक डाउन होने पर पावर बैक अप की सुविधा उपलब्ध रखी जाये। जिला सैनिक कल्याण निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपातकाल स्थिति होने पर विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाये रखने हेतु अपने-अपने विभाग से तकनीकी कर्मचारियों की सूची तैयार कर विद्युत विभाग एवं जिलाधिकारी कार्यालय में प्रेषित करें। विद्युत विभाग अपने ऐसे समस्त ठेकेदार / कार्यदायी संस्था जिनके पास मैन पावर उपलब्ध है, को निर्देशित करें कि आपातकाल स्थिति में मैन पावर उपलब्ध करायेगें व विद्युत आपूर्ति सुचारू रखेगें। विद्युत विभाग के अधिकारी इंजीनियरिंग कालेज, आवास विकास परिषद, गाजियाबाद एवं पी0डब्लू0डी0, गाजियाबाद से समन्वय स्थापित कर तकनीकी कर्मचारियों की सूची प्राप्त करना सुनिश्चित करें, जिससे आपातकालीन स्थिति में इनका सदुपयोग किया जा सके। उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि भण्डार केन्द्र एवं वर्कशाप से समन्वय स्थापित कर आपातकालीन स्थिति में सामग्री जैसे परिवर्तक / कंडक्टर/केबिल इत्यादि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें। विरोध प्रदर्शन के दौरान समस्त सूचना एकत्रित करने हेतु मुख्य अभियन्ता (वितरण), गाजियाबाद क्षेत्र प्रथम, गाजियाबाद श्री अशोक सुन्दरम को नोडल अधिकारी नामित किया गया। नोडल अधिकारी का दायित्व होगा कि वह अन्य दोनों मुख्य अभियन्ताओं से सूचना प्राप्त कर जिलाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करायेगें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री रणविजय सिंह, मुख्य अभियन्ता (वि0) श्री अशोक सुन्दरम, मुख्य अभियन्ता (वि0) श्री नरेश भारती, मुख्य अभियन्ता (चि0) श्री दीपक अग्रवाल, अधीक्षण अभियन्ता श्री अनिल कुमार सिंह, अधीक्षण अभियन्ता श्री अखिलेश कुमार सिंह, अधीक्षण अभियन्ता श्री उमेश चन्द्र सोनकर, अधीक्षण अभियन्ता श्री राजेन्द्र प्रसाद, अधीक्षण अभियन्ता श्री सुभाष चन्द्रा सहित जीडीए, नगर निगम, आईटीआई, पॉलीटेक्निक एवं जिला सैनिक कल्याण निगम सहित अन्य विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दीवान इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज मानवीय मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव नामक विषय को लेकर सेमिनार का किया गया आयोजन

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**



हापुड़ । मेरठ मंडल दीवान इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज मेरठ के बीएड,बीबीए, बीसीए एवं लॉ कॉलेज विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वर्तमान परिदृश्य में मानवीय मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव नामक विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का शुभारंभ दीवान ग्रुप के चेयरमैन विवेक दीवान दीवान ग्रुप के कार्यकारी निदेशक कर्नल डॉ नरेश गोयल ग्रुप की सलाहकार डॉ श्रुति अरोड़ा एवं डी आईएमएस के प्राचार्य डॉ मुनेंद्र कुमार की उपस्थिति में हुआ। इस सेमिनार में डीवीएसजीआई की बीटेक विभाग की डायरेक्टर डॉ शिल्पी बंसल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थिति रही। इन्होंने छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया के फायदे एवं नुकसान के बारे में गहनता पूर्ण बताते हुए साथ ही साथ यह भी बताया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मानवीय मूल्यों को सोशल मीडिया किस प्रकार प्रभावित करती है।और इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि नुकसान से बचने के क्या-क्या उपाय हो सकते हैं7 दीवान इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज के प्राचार्य डॉ मुनेंद्र कुमार ने भी बच्चों को सोशल मीडिया के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा भविष्य में सभी को मानवीय मूल्यों से जुड़े रहने की सलाह दी।तथा इस सेमिनार में उपस्थित सभी लोगो का धन्यवाद किया। इस सेमिनार को सफल बनाने में डॉक्टर श्वेता शर्मा डायरेक्टर बीबीए बीसीए,डॉ शशांक मिश्रा प्राचार्य लॉ कॉलेज, मुनीश शर्मा विभागाध्यक्ष बीसीए विभाग,सुधीर विभागाध्यक्ष बीबीए विभाग,एवं लॉ विभाग की डॉक्टर नाजिया आदि का अभूतपूर्व सहयोग रहा।

# एकेपी प्रधानाचार्या ने विभिन्न भाषाओं को सीखने के लिए छात्राओं को किया प्रेरित



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज हापुड़ में भारतीय भाषा उत्सव के अंतर्गत छात्राओं ने डिजिटल डायरी,भारत का मानचित्र तथा कुकबुक डायरी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कक्षा 11 सेक्शन ए छात्रा रिमशा, अक्शा,तनीषा, खुशी तथा कक्षा 12वीं सेक्शन बी की छात्रा दीपिका, प्रेरणा,आयुषी आदि छात्राओं ने राज्यों के नाम और सांस्कृतिक विशेषताओं को क्षेत्रीय भाषाओं में लिखकर अन्य छात्राओं को भी जागरूक किया। प्रधानाचार्या डॉ. स्नेह प्रभा ने सभी छात्राओं को विभिन्न भाषाओं को सीखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नोडल अधिकारी डॉ.अनीता जायसवाल नाज़नीन जहां,कु. जुली,प्रीति अग्रवाल,संगीता सिंह आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

# पुलिस लाइन में मेरठ रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक आईपीएस कलानिधि नैथानी पहुंचे





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार**

हापुड़ । की मेरठ रोड पर स्थित पुलिस लाइन में गुरुवार को मेरठ रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक आईपीएस कलानिधि नैथानी पहुंचे जहां उन्होंने कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक बैठक का आयोजन किया जिसमें हापुड़ जनपद के सभी थाना प्रभारी, राजपत्रित अधिकारी, शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने बताया कि बैठक में अपराध की समीक्षा की गई। थाने पर क्या-क्या समस्याएं हैं उसको लेकर भी विचार-,विमर्श किया गया। इसी के साथ निर्देश दिए कि जातिगत संघर्ष, सांप्रदायिक संघर्ष, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने के मामले में विस्तृत जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें, अपराधी पर निगाह रखें और 112 तथा सीधे थाने पर मिलने वाली सूचना पर तत्काल अमल हो। इसी के साथ शिकायतों का भी गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाए। बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पुलिस के आधुनिकरण पर भी जोर दिया। पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ रेंज का पद संभालने के बाद हापुड़ पहुंचे आईपीएस कलानिधि नैथानी का हापुड़ के पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंज्य सिंह, अपरपुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने स्वागत किया। इस दौरान हापुड़ जनपद क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# लाभार्थियों को दी जाने वाली धनराशि को समयान्तराल उनके बैंक खाते में की जाएं हस्तांतरित- जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

गाजियाबाद। महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में डूडा गाजियाबाद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की शासी निकाय बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि किसी भी प्रस्ताव को भेजते समय प्रत्येक सूक्ष्म बिन्दुओं पर ध्यान दिया जाएं। जिन क्षेत्रों में डूडा द्वारा कार्य कराया गया है, सम्बंधित ईओ कार्य पूर्ण होने एवं गुणवत्ता की जांच करते हुए सत्यापित करें। योजनाओं के तहत लाभार्थियों को दी जाने वाली धनराशि को समयान्तराल में लाभार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएं। माननीय मुख्यमंत्री जी अल्पविकसित/मलिन बस्ती विकास योजना बैठक में अनेक योजनाओं के प्रस्तावों पर अनुमोदन प्रदान किया गया। जिनमें माननीय मुख्यमंत्री जी अल्पविकसित/मलिन बस्ती विकास योजना के अन्तर्गत 2024-25 हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी अल्पविकसित / मलिन बस्ती विकास योजना के अन्तर्गत अनुदान सं0 37 के 116 कार्यों के प्रस्ताव अंकन रू0 2530.22 लाख, अनुदान सं0 83 के 135 कार्यों के प्रस्ताव अंकन रू0 3045.59 लाख एवं एस0सी0एस0पी0 योजना के अन्तर्गत 18 कार्यों के प्रस्ताव रू0 276.23 लाख कुल 269 निर्माण कार्यों के प्रस्ताव रू0 5852.04 लाख शासी निकाय की बैठक में प्रस्तुत किये गये, जो सम्बन्धित स्थानीय निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरान्त माननीय जनप्रतिनिधिगण के प्रस्तावों के आधार पर तैयार किये गये है, तथा डूडा द्वारा गतिमान कार्यों की भी स्थानीय निकाय अपने स्तर से निरीक्षण करने के निर्देश जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अर्न्तगत लक्ष्य के अनुरूप प्रगति प्राप्त करने हेतु कन्सलटेन्सी एजेन्सी को निर्धारित समयावधि में निर्माणाधीन आवासों को पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अर्न्तगत प्रथम ऋण की अपेक्षा द्वितीय ऋण काफी कम है। सभी सम्बन्धित स्थानीय निकायों को द्वितीय तथा तृतीय ऋण का लाभ लाभार्थियों को कराये जाने के निर्देश दिये गये। आई0एच0एस0डी0पी0 योजना सुदामापुरी व अर्थला



आई0एच0एस0डी0पी0 योजना सुदामापुरी व अर्थला के अर्न्तगत 10 दिवस में आवश्यक कार्यवाही करते हुए इस योजना के अवस्थापना कार्यों को नगर निगम गाजियाबाद को हैण्डओवर लेने के निर्देश दिये। आई0एच0एस0डी0पी0 योजना फरीदनगर आई0एच0एस0डी0पी0 योजना फरीदनगर के अर्न्तगत आवश्यक अवस्थापना कार्यो को पूर्ण करने हेतु कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम एवं नगर पंचायत फरीदनगर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए डूडा पर उपलब्ध लाभार्थी अंशदान की धनराशि प्राप्त कर लाभार्थियों को सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। 05 आश्रय स्थलों का हस्तान्तरण नगर निगम गाजियाबाद क्षेत्र के 05 आश्रय स्थलों का हस्तान्तरण नगर निगम गाजियाबाद को लेने तथा उनका संचालन नगर निगम गाजियाबाद द्वारा अपने स्त्रोतों से कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य रूप से नगर आयुक्त श्री विक्रमादित्य सिंह मलिक, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री रणविजय सिंह, पीओ डूडा, डीआईओ गाजियाबाद सहित जनपद की सभी नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# फडणवीस के नेतृत्व में सुशासन के पथ पर बढ़ते हुए प्रगति करेगा महाराष्ट- सीएम योगी



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और एकनाथ शिंदे-अजीत पवार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट किया कि देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हृदयतल से बधाई एवं शुभकामनाएं!समृद्धि के नवीन मानक स्थापित करेगा महाराष्ट्र मुख्यमंत्री योगी ने लिखा कि पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन व आपके (फडणवीस) कुशल नेतृत्व में 'विकसित महाराष्ट्र-सुरक्षित महाराष्ट्र' की संकल्पना की सिद्धि के साथ ही राज्य सुशासन के सुपथ पर अविराम बढ़ते हुए प्रगति और समृद्धि के नवीन मानक स्थापित करेगा। सीएम योगी ने शिंदे व पवार के स्वर्णिम कार्यकाल की दी शुभकामनाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पोस्ट कर एकनाथ शिंदे व अजीत पवार को महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई और स्वर्णिम कार्यकाल की अनंत शुभकामनाएं भी दीं। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए योगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शपथ ग्रहण समारोह में गुरुवार को शामिल हुए। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र चुनाव में ताबड़तोड़ रैली की थी। वे यहां चार दिन चुनाव प्रचार में पहुंचे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 24 प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया था, इसमें से 22 सीटों पर महायुति गठबंधन के प्रत्याशियों को जीत मिली।

# प्राप्त शिकायतों का सम्बंधित अधिकारी द्वारा किया जाएं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण- जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा प्रतिदिन अपने नियमित समय प्रात-10.00 बजे से अपने कार्यालय में जनसुनवाई करती है। इस दौरान आज डे ऑफिसर के रूप में कलेक्ट्रेट प्रभारी इला प्रकाश उपस्थित रही। बताते चले कि जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा एक समयनिष्ठ, कर्त्तव्यनिष्ठ एवं संवेदनशील अधिकारी के रूप में जानी व पहचानी जाती हैं। वे प्रतिदिन समय से कार्यालय पहुंचती है जिससे उनकी समयनिष्ठता का पता चलता है तो वहीं अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सही कार्य ना करने पर उन पर सख्त कार्यवाही करती है जिससे उनकी संवेदनशील अधिकारी के रूप में पहचान होती है तो किसी कार्य के निस्तारण के आदेश देने के उपरान्त देरी होने पर या लापरवाही या गुणवत्ता से समाधान ना होने पर सम्बंधित को दण्डित करते हुए अपने कार्यालय पर बैठाकर उनसे शिकायत का गुणवत्तापूर्ण समाधान करवाया जाता है जिसमें उनकी कर्त्तव्यनिष्ठा दिखाई देती है। प्रतिदिन की तरह आज भी उनके द्वारा कई शिकायतकर्ता पीड़ितों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी को राजस्व, नगर पालिका, पुलिस विभाग, विकास विभाग सम्बंधित 12 शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान शिकायतकर्ताओं द्वारा आय, जाति प्रमाण पत्र, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, किसान सम्मान निधि, कालोनियों में साफ—सफाई व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था बाधित होने, पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज ना करना, आपसी लड़ाई—झगड़ा, स्कूल में प्रवेश, गृह कलेश से सम्बंधित शिकायतों से जिलाधिकारी महोदया को अवगत कराया गया। इस दौरान कार्यालय पर जनसुनवाई के लिए शिकायतकर्ताओं की भीड़ लगी रही। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने शिकायत सुनते हुए क्रमवार सभी शिकायतकर्तओ की शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ किए जाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी महोदया ने शिकायतों से सम्बंधित अधिकारियों को शिकायत प्रेषित करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत का निस्तारण समयान्तराल में पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी पात्र लाभार्थी को उसको मिलने वाली योजनाओं के लाभ से वंचित ना रखा जाएं। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशानुसार एवं मंशानुरूप जनता की सेवा करना हमारा प्रथम कर्त्तव्य हैं। अतः पद की गरिमा को समझते हुए अपने कार्यों का पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करें।

# सहारनपुर में मधुमक्खियों के हमले में युवक की मौत

सहारनपुर । सहारनपुर जिले में शहद बेचने का काम करने वाले एक युवक पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (देहात) सागर जैन ने बताया कि थाना फतेहपुर अंतर्गत मुजफ्फराबाद निवासी सोनू (40) बुधवार शाम घूमने के लिए निकला था और जैसे ही वह पानी की टंकी के नीचे पहुंचा, टंकी पर बने छत्ते



से निकलकर मधुमक्खियों ने उस पर हमला कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## नाबालिग छात्रा के साथ बलात्कार करने के जुर्म में एक व्यक्ति को 20 वर्ष की कैद

नाबालिग छात्रा के साथ बलात्कार करने के जुर्म में एक व्यड्डनोएडा । गौतम बुद्ध नगर जनपद की एक अदालत ने एक नाबालिग छात्रा को बंधक बनाकर उसके साथ बलात्कार करने के जुर्म में एक व्यक्ति को 20 साल की कैद की सजा सुनायी है। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपर सत्र विशेष न्यायाधीश पास्को (द्वितीय) सौरव द्विवेदी ने बुधवार को आरोपी को दोषी ठहराते हुए उसे 20 वर्ष की कठोर कैद की सजा सुनायी तथा उसपर 80 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। प्रवक्ता के अनुसार अदालत ने कहा कि जुर्माना नहीं भरने पर अभियुक्त को एक और वर्ष सलाखों के पीछे रहना होगा। अदालत ने कहा है कि जुर्माने की 80 फ़ीसदी धनराशि पीड़िता के पुनर्वास के लिए दी जाएगी। प्रवक्ता के अनुसार फेस-तीन थाना क्षेत्र की यह किशोरी 13 अक्टूबर 2018 को स्कूल से घर जाने के लिए निकली थी, लेकिन वह घर नहीं पहुंची। जब उसके परिजन शक के आधार पर हिमांशु नामक युवक के घर पर पहुंचे तब उन्होंने वहां हिमांशु को उसके साथ बलात्कार करता हुआ देखा। परिजनों ने हिमांशु को पुलिस के हवाले कर दिया। प्रवक्ता के अनुसार पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया तथा चिकित्सकीय परीक्षण में बलात्कार की पुष्टि हुई। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। उन्होंने बताया कि अपर सत्र विशेष न्यायाधीश पास्को (द्वितीय) सौरव द्विवेदी की अदालत ने पीड़िता का बयान, डॉक्टर का बयान, दोनों पक्षों के वकीलों की जिरह सुनने के बाद आरोपी को दोषी पाया और उसे सजा सुनायी। क्ति को 20 वर्ष की कैद

## नोएडा और ग्रेटर नोएडा में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात



नोएडा । नोएडा और ग्रेटर नोएडा में चप्पे चप्पे पर आज पुलिस बल तैनात है। ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर पुलिस के आला अधिकारी, जिलाधिकारी और तकरीबन 500 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इसके साथ-साथ महामाया फ्लाईओवर और दलित प्रेरणा स्थल पर भी पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। बुधवार देर रात ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट से सुखबीर खलीफा समेत अन्य किसानों की हुई गिरफ्तारी के बाद कई किसान नेताओं ने सोशल मीडिया वीडियो शेयर कर आज फिर सभी किसानों को जीरो पॉइंट आने के लिए आह्वान किया था। बीती रात उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दफ्तर से एक्स पर एक पोस्ट के बाद पुलिस एक्टिव हो गई थी। पुलिस ने धरने पर बैठे सभी किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बुधवार को जीरो पॉइंट पर हुई महापंचायत में जिन किसानों को जेल से छोड़ा गया था, अब उन्हें ढूंढकर गिरफ्तार किया जा रहा है। इस बात को लेकर किसान और किसान नेताओं में रोष है। गाजियाबाद के महरौली में भी किसानों ने एनएच 24 को जाम किया था। जिसके थोड़ी देर बाद वहां पहुंचे पुलिस बल ने उन्हें हिरासत में लिया और वेब सिटी थाने ले गए। उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में लगातार किसानों के प्रदर्शन की खबरें सामने आ रही हैं। ग्रेटर नोएडा के दनकौर इलाके में भी किसान जीरो पॉइंट जाने के लिए निकले थे, जिन्हें पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के आला अधिकारियों के मुताबिक, उन्हें सख्त हिदायत दी गई है कि कोई भी धरना प्रदर्शन नहीं होगा। कोई भी अराजकता नहीं की जाएगी और जो ऐसा करता है उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगा।

## संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं में फुट, प्रदर्शन से अलग हुआ भारतीय किसान यूनियन

नोएडा । अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से यहां प्रदर्शन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं में आपसी फूट पड़ गई है। बताया जाता है कि 10 संगठनों द्वारा इस आंदोलन को संचालित किया जा रहा था, लेकिन उसके प्रमुख घटक भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) और कई संगठनों ने इस धरना से किनारा कर लिया है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने बृहस्पतिवार सुबह बताया कि किसानों के प्रदर्शन और समस्याओं को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने दो दिन पहले पांच सदस्यीय एक उच्च स्तरीय समिति बनायी। उन्होंने कहा कि उनका मत है कि किसान संगठन के लोग इस समिति के साथ धरना स्थल पर ही बातचीत करें तथा अपनी मांगों को उनके सामने प्रमुखता से रखें। उन्होंने कहा कि धरना-प्रदर्शन के अलावा सरकार के नुमाइंदो से बात करके ही किसानों की समस्याओं का हल निकाला जा सकता है। टिकैत ने कहा कि दिल्ली कूच करने से समस्या का हल नहीं होगा क्योंकि दिल्ली कूच के लिए राष्ट्रीय स्तर पर किसानों के सभी संगठनो का एक होना जरूरी है, तभी वह सफल हो पाएगा। उन्होंने कहा कि किसान नेता समिति के लोगों से बात करें लेकिन कुछ नेता इस बात के लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने कहा कि इस वजह से भारतीय किसान यूनियन इस प्रदर्शन से अलग हो गया है। उनका कहना था कि अन्य किसी संगठन को अपने हिसाब से जो भी करना है वे करें। किसान संगठन के सूत्रों के अनुसार इसके अलावा कुछ अन्य किसान संगठनों ने भी अपने आप को इस प्रदर्शन से अलग कर लिया है। उनका भी मत है कि समिति के सामने अपना पक्ष रखकर किसानों की मूल समस्याओं को हल निकाला जाए। कई किसान नेताओं का मानना है कि हल टकराव से नहीं आपसी बातचीत से होगा। हालांकि कुछ किसान नेताओं का मानना है कि समिति बनाकर सरकार ने एक 'लॉलीपॉप' दिया है। उनके मुताबिक पहले भी उच्चस्तरीय समिति बनी थी, लेकिन उसका नतीजा शिफर रहा।

## चोरी का आरोपी गिरफ्तार




नई दिल्ली । बुराड़ी थाना टीम ने चोरी के मामले को सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी मोहम्मद आरिफ है। पुलिस ने इसके पास से एक कैरी बैग, अपराध करने में इस्तेमाल की गई एक बाइक बरामद की है। उत्तरी जिला डीसीपी राजा बाँठिया ने बताया कि एसआई नवीन सिंधु (प्रभारी चौकी बुराड़ी सरकारी अस्पताल) के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें सीसीटीवी कैमरों में दो बाइक पर सवार होकर आते हुए 4 व्यक्ति दिखाई दिए। इसके बाद उन्होंने शिकायतकर्ता के कार्यालय का ताला तोड़ा तथा वहां से बैग चुरा लिया। सीसीटीवी फुटेज में चोर का चेहरा भी स्पष्ट रूप से कैद पाया गया। आरोपियों की स्पष्ट तस्वीरें विकसित की गईं, गुप्त सूचना के आधार पर उसे पुस्ता रोड, बुराड़ी से पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी मोहम्मद आरिफ ने बताया कि उसने और उसके 03 अन्य दोस्तों ने मिलकर चोरी की है तथा चोरी का बाकी सामान उसके एक सह-आरोपी के पास है। इसके अलावा आरोपी ने आस-पास के इलाकों में इसी तरह की अन्य वारदातों में भी अपनी संलिप्तता बताई है, उसे जब अच्छी नौकरी नहीं मिल पाई तो वह दिल्ली में कबाड़ की दुकान चलाने लगा उसमें उसे भारी घाटा हो गया।

## देश के सभी गांवों में पहुंची बिजली, डीडीजीजेवाई से 49 लाख बीपीएल परिवारों को कनेक्शन - मनोहर लाल

नई दिल्ली । केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को बताया कि दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और सौभाग्य योजना के तहत दो करोड़ 86 लाख से अधिक घरों को बिजली कनेक्शन दिए गए हैं जिनमें 49 लाख से ज्यादा बीपीएल परिवार शामिल हैं। उन्होंने दावा किया कि देश के सभी गांवों में बिजली पहुंच गई है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान डीएमके सदस्य सेलवम जी. के पूरक प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने बताया कि साल 2014 से पहले ग्रामीण विद्युतीकरण और राजीव गांधी ग्रामीण विद्युत योजना लागू की गई थी। इसके बाद, इन दोनों योजनाओं को मिलाकर दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति (डीडीजीजेवाई) योजना शुरू की गई, और उसके बाद सौभाग्य योजना भी लागू की गई। इनके तहत 49 लाख 25 हजार बीपीएल परिवारों को बिजली के कनेक्शन दिए गए। एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि डीडीजीजेवाई और सौभाग्य योजना के तहत अब तक 2,86,13,000 परिवारों को बिजली के कनेक्शन दिए गए हैं। निर्दलीय सदस्य पप्पू यादव ने एक पूरक प्रश्न पूछते हुए कहा कि बिहार में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं जो खतरनाक हैं और इसे बंद किया जाना चाहिए। उनके प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने दावा किया कि देश के सभी गांवों में बिजली पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि एक-दो राज्यों में बेहद दूर-दराज के इलाकों में यदि नहीं पहुंची है तो वहां पीएम सूर्य घर योजना के तहत मुफ्त बिजली दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में आरआरडीएस योजना भी लागू की गई है, जिसके तहत गरीब परिवारों को बिजली कनेक्शन दिया जा रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य उन परिवारों तक बिजली पहुंचाना है, जिनके पास अभी तक बिजली कनेक्शन नहीं है। योजना की शर्तें यह हैं कि केवल गरीब परिवारों को ही इसके तहत कनेक्शन मिलेगा, और केवल पात्र परिवारों को इस योजना के लाभ का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि आरआरडीएस योजना 2021 में शुरू की गई थी, लेकिन इसके क्रियान्वयन में कुछ देरी हुई थी, और इसे 2022 में पूरी तरह से लागू किया गया। कुछ राज्यों में इसका अच्छा परिणाम आया है, जबकि बाकी राज्यों में इस योजना की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि अगले एक साल के अंदर यह योजना पूरी तरह से लागू हो जाएगी, और हर गरीब परिवार को बिजली कनेक्शन प्रदान कर दिया जाएगा।

## भारतीय किसान यूनियन की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी को किया गया नजरबंद

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**



ग्रेटर नोएडा। आज सुबह 7.00 बजे से भारतीय किसान यूनियन महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी को उनके आवास पर पुलिस ने नजर बंद कर दिया। प्रशासन ने उनका मोबाइल फोन भी बंद करने का प्रयास किया, जिससे किसी से संपर्क न हो सके लेकिन यह योजना प्रशासन की पूरी नही हो सकी! भारतीय किसान यूनियन महासभा के अन्य पदाधिकारियों को भी नजरबंद करने की योजना थी लेकिन टारगेट राष्ट्रीय अध्यक्ष को बनाया गया प्रशासन ने दमनकारी नीति अपनाते हुए ग्रेटर नोएडा के जीरो प्वाइंट से 35 किसानों को रात में जेल भेजा। इस कार्यवाही के बाद संगठन में भारी आक्रोश है। गीता भाटी, पवन शर्मा, रणबीर, मिथिलेश सिंह, सुरेश कुमार त्यागी, सुशील कोशिश, और इंद्राज नागर मौके पर मौजूद रहे। संगठन जल्द ही संयुक्त किसान मोर्चा बनाकर बड़ा आंदोलन करने की योजना बना रहा है। भारतीय किसान यूनियन महासभा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि यह तानाशाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संगठन की आगामी बैठक में आंदोलन की दिशा तय की जाएगी।

## पद्म श्री जितेंद्र सिंह शंटी आम आदमी पार्टी में शामिल, पूर्व सीएम केजरीवाल ने दिलाई सदस्यता




नई दिल्ली । पद्म श्री जितेन्द्र सिंह शंटी आज आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। जितेंद्र सिंह शंटी साल 2013 में भाजपा से विधायक रह चुके हैं। राम निवास गोयल के इस्तीफे के बाद उन्हें शाहदरा से टिकट मिलना तय माना जा रहा है। अरविंद केजरीवाल ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूर्व भाजपा विधायक जितेन्द्र सिंह शंटी का आम आदमी पार्टी में शामिल होने का एलान किया। केजरीवाल ने कहा कि जितेंद्र को 'एम्बुलेंस मैन' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने 70,000 से अधिक शवों का सम्मानजनक तरीके से अंतिम संस्कार कराया है। कोविड काल के दौरान जब लोग अपने परिवार के सदस्यों के शव लेने में हिचकिचा रहे थे, तब उन्होंने शव स्वीकार किए और अंतिम संस्कार किया। वह भी कोविड का शिकार हो गए, यहां तक कि जब उनका परिवार भी कोरोना से संक्रमित हुआ, तब भी उन्होंने अपना मिशन जारी रखा। इसके लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। वह लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति में आए हैं। उनके शामिल होने से आम आदमी पार्टी को मजबूती मिलेगी। वहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केजरीवाल ने कहा, %रामनिवास गोयल जी का चुनावी राजनीति से अलग होने का निर्णय हम सभी के लिए एक भावुक क्षण है। उनके मार्गदर्शन ने वर्षों तक हमें सदन के अंदर और बाहर सही दिशा दिखाई है। अपनी बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य के चलते उन्होंने हाल ही में अभी कुछ दिन पहले ही चुनावी राजनीति से अलग होने की अपनी इच्छा जाहिर की थी। उनके निर्णय का हम सम्मान करते हैं। गोयल साहब हमारे परिवार के अभिभावक थे, हैं और हमेशा रहेंगे। पार्टी को उनके अनुभव और सेवाओं की भविष्य में भी हमेशा जरूरत रहेगी।

## दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने चुनावी राजनीति से संन्यास लिया

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष एवं शाहदरा से आम आदमी पार्टी (आप) विधायक रामनिवास गोयल ने अपनी बढ़ती उम्र का हवाला देते हुए चुनावी राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर गोयल (76) के फैसले को एक भावुक क्षण बताया।

दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव फरवरी 2025 में होने हैं। गोयल 2015 से दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष हैं और पूर्वी दिल्ली के शाहदरा निर्वाचन क्षेत्र से दो बार विधायक रहे हैं।

केजरीवाल को 11 नवंबर को लिखे पत्र में गोयल ने कहा कि उन्होंने 10 साल तक शाहदरा के विधायक और विधानसभा अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया और उन्हें काफी सम्मान मिला, जिसके लिए वह उनके आभारी हैं। उन्होंने अपने पत्र में कहा, ''बढ़ती उम्र के कारण मैं चुनावी राजनीति से खुद को अलग करना चाहता हूं। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि मैं आम आदमी पार्टी में रहकर हर प्रकार से सेवा करता रहूंगा।

आप मुझे जो भी जिम्मेदारी देंगे मैं उसे पूरा करने की कोशिश करूंगा।''

केजरीवाल ने कहा कि गोयल के मार्गदर्शन ने पार्टी को वर्षों तक सही दिशा में आगे बढ़ाया।

केजरीवाल ने अपने पोस्ट में कहा, ''ज हाल में उन्होंने अपनी बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य के कारण चुनावी राजनीति से अलग होने की इच्छा व्यक्त की थी। हम उनके फैसले का सम्मान करते हैं।'' दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह (गोयल) आप परिवार के संरक्षक बने रहेंगे।

## छात्र की मौत पर उसके परिजनों से मिलने पहुंची सीएम आतिशी, सरकारी मदद का दिया भरोसा



नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी वसंत विहार स्थित कुसुमपुर पहाड़ी में एक स्कूली छात्र की मौत की खबर सुनकर, मृत छात्र के परिवार से मुलाकात कर सांत्वना देने उनके घर पहुंची थीं। आतिशी ने मृत स्कूली छात्र के परिवार को हरसंभव सरकारी सहायता देने का आश्वासन दिया। इस दौरान आतिशी ने दिल्ली में कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा, बदहाल कानून व्यवस्था का असर अब हमारे बच्चों पर भी हो रहा है। स्कूल परिसर के अंदर एक बच्चे की मौत होना बेहद ही दुखद घटना है। हम शिक्षा विभाग की तरफ से जांच करा रहे हैं और अगर इसमें स्कूल की तरफ से लापरवाही सामने आती है तो स्कूल पर एक्शन लिया जाएगा। आतिशी ने कहा, हमने यह पता लगाने के लिए शिक्षा विभाग से एक इंक्वारी शुरू की है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि बच्चे की मौत हो गई। अगर इसमें स्कूल की कोई भी लापरवाही पाई जाएगी तो स्कूल पर कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली में अब ऐसा माहौल हो गया है कि उसका असर हमारे बच्चों पर भी पड़ रहा है। ऐसा माहौल है कि छठी क्लास के बच्चे एक दूसरे के साथ ऐसी हिंसा करते हैं कि उसमें बच्चे की मौत हो जाती है। उन्होंने दिल्ली की जनता से अपील की है कि हिंसा की हमारी जिंदगी में कोई भी जगह नहीं है। दिल्ली की जनता को एक साथ आना पड़ेगा और अपनी सुरक्षा का मद्दा खुद उठाना पड़ेगा। आए दिन कहीं बाजार में, कहीं पार्क में, कहीं मोहल्ले में, गोली चलना, मारपीट होना आम बात हो गई है। अब इस शहर में हिंसा की हद पार हो गई है। उन्होंने कहा कि अब हमारे बच्चे टीवी में, अखबारों में, हमेशा हर तरफ हिंसा की खबरें पढ़ रहे और देख रहे हैं, जिसका असर उन पर भी हो रहा है। जब हर तरफ, हर जगह क्राइम की और हिंसा की खबर आएगी तो इसका असर हमारे बच्चों पर पड़ेगा ही।

## दिल्ली तिहरा हत्याकांड- पुलिस ने जंगल से खून से सने कपड़े और चाकू बरामद किया




नई दिल्ली । दक्षिणी दिल्ली के नेब सराय इलाके में हुए तिहरे हत्याकांड में कथित तौर पर इस्तेमाल किया गया चाकू और खून से सने कपड़े पुलिस ने संजय वन से बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने बुधवार को अर्जुन तंवर (20) को माता-पिता और बहन की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया था। भूतपूर्व सैनिक राजेश कुमार (51), उनकी पत्नी कोमल (46) और उनकी बेटी कविता (23) बुधवार सुबह देवली गांव स्थित अपने घर में मृत मिले थे। पुलिस के अनुसार, तंवर के अपने माता-पिता के साथ अच्छे संबंध नहीं थे और वह इस बात से क्षुब्ध था कि उसके माता-पिता उसकी बहन को उससे अधिक पसंद करते थे। पुलिस ने बुधवार देर रात संजय वन से तंवर की खून से सनी 'स्वेटशर्ट' और माता-पिता तथा बहन की हत्या में इस्तमाल किया गया सैन्य चाकू बरामद कर लिया। पूछताछ के दौरान तंवर ने पुलिस को बताया कि उसने सबसे पहले अपनी बहन की गला रेतकर उस समय हत्या कर दी जब वह सोई हुई थी। पुलिस ने बताया कि इसके बाद उसने ऊपर की मंजिल पर जाकर अपने पिता की गर्दन पर चाकू से वार किया और शौचालय में मौजूद अपनी मां का गला भी रेत दिया। पुलिस के अनुसार, इसके बाद तंवर खून से सने अपने कपड़ों को जिम बैग में डालकर संजय वन पहुंचा, जहां उसने अपराध में इस्तेमाल किए गए चाकू के साथ उन कपड़ों को भी फेंक दिया। अधिकारियों ने बताया कि वहां से लौटने के बाद उसने शौचालय और घर के अन्य सामान पर लगे खून को साफ करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि इसके बाद तंवर ने पुलिस को झूठा बयान देते हुए दावा किया कि जब परिवार के सदस्यों की हत्या हुई तब वह जिम में था। आरोपी दिल्ली विश्वविद्यालय के एक कॉलेज में राजनीति विज्ञान का छात्र था। वह एक प्रशिक्षित मुक्केबाज भी है। उसने राज्यस्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में दिल्ली का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक जीता था। उसने पूर्व में दिल्ली के धौला कुआं स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की थी।

## सुधरने लगी दिल्ली-एनसीआर की आबोहवा, सुप्रीम कोर्ट ने दी ग्रैप-4 में छूट की अनुमति



नई दिल्ली । पिछले कई महीने से खतरनाक स्तर पर चल रही दिल्ली एनसीआर की आबोहवा सुधरने लगी है। इसके चलते सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में लागू किए गए ग्रैप 4 के कुछ प्रतिबंधों में छूट की अनुमति दी है। सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से कहा कि वह ग्रैप 2 से नीचे प्रतिबंधों में ढील न दे। साथ ही ग्रैप 3 में कुछ उपायों को जोड़ने पर भी विचार करे। 18 नवंबर को शीर्ष अदालत ने सभी दिल्ली-एनसीआर राज्यों को प्रदूषण विरोधी ग्रैप 4 प्रतिबंधों को सख्ती से लागू करने के लिए तुरंत टीमें गठित करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने साफ किया था कि प्रतिबंध अगले आदेश तक जारी रहेंगे। अब कैसी है दिल्ली एनसीआर की आबोहवा राजधानी में हवा की दिशा बदलने और गति तेज होने से वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में पहुंच गई है। लोगों ने लंबे समय बाद इस श्रेणी की हवा में सांस ली है। इससे आसमान भी बिल्कुल साफ रहा। जिससे लोगों को प्रदूषित हवा से लगभग दो महीने बाद राहत मिली है। बुधवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 178 रहा, जोकि मध्यम श्रेणी में है। यह मंगलवार के मुकाबले 100 सूचकांक की कम है। इससे पहले 10 अक्तूबर को एक्यूआई 164 दर्ज किया गया था। इसके बाद सर्दी के दस्तक देने के साथ ही हवा की स्थिति बिगड़ती गई। जानिए एक्यूआई का मानक एक्यूआई 0-50 के बीच अच्छा, 51-100 के बीच संतोषजनक, 101-200 के बीच मध्यम, 201-300 के बीच खराब, 301-400 के बीच बहुत खराब और 401-500 के बीच गंभीर श्रेणी में माना जाता है। क्या है ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान? ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) को पहली बार 2017 में लागू किया गया था। इसके जरिए स्थिति की गंभीरता के हिसाब से राजधानी और उसके आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण-रोधी उपायों को लागू किया जाता है। ग्रैप के तहत वायु गुणवत्ता के चार अलग-अलग चरण चरण-1- खराब (एक्यूआई 201-300) चरण-2- बहुत खराब (एक्यूआई 301-400) चरण-3-गंभीर (एक्यूआई 401-450) चरण- 4- गंभीर प्लस (एक्यूआई 450 से ऊपर) यह प्रतिबंध किए गए थे लागू ग्रैप 4 के तहत कई प्रतिबंध लागू किए गए थे। इसमें आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले या स्वच्छ ईंधन (एलएनजी/सीएनजी/बीएस-VI डीजल/इलेक्ट्रिक) का उपयोग करने वाले ट्रकों को छोड़कर किसी भी ट्रक को दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जा रही थी।

इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), सीएनजी वाहनों और बीएस-4 डीजल वाले वाहनों को छोड़कर दिल्ली के बाहर पंजीकृत हल्के वाणिज्यिक वाहन भी प्रतिबंध के दायरे में थे। राजमार्ग, सड़क, पुल और अन्य सार्वजनिक परियोजनाओं सहित सभी निर्माण गतिविधियों पर अस्थायी रोक लगाई गई थी।

## आरएमएल अस्पताल में मरीजों के लिए मुफ्त फोटोथेरेपी सुविधा, मेड-इन-इंडिया मशीन का उपयोग

नई दिल्ली । आरएमएल अस्पताल ने मरीजों के लिए मुफ्त फोटोथेरेपी सेवा की शुरुआत की है। इस सुविधा का उद्घाटन अस्पताल के निदेशक डॉ. अजय शुक्ला ने किया। इस सेवा के तहत डुअल वेवलेंथ चैंबर का उपयोग किया जाएगा, जो पूरी तरह से मेड-इन-इंडिया है और विदेशी मशीनों की तुलना में अधिक किफायती है। इन बीमारियों से मिलेगी मुक्ती इस मशीन के जरिए सोरायसिस, विटिलिगो, मायकोसिस फंजोइड्स और स्क्लेरोडर्मा जैसी बीमारियों का इलाज किया जाएगा। अस्पताल ने एक विशेष फोटो-टेस्टिंग मीटर भी खरीदा है, जिससे मरीजों को सुरक्षित खुराक सुनिश्चित की जाएगी और अधिक खुराक से होने वाले नुकसान से बचाया जाएगा। आरएमएल अस्पताल में यह सेवा खासतौर पर उन मरीजों के लिए उपयोगी होगी, जिनकी त्वचा संबंधी समस्याएं सर्दियों और दिल्ली के प्रदूषण के कारण बढ़ जाती हैं। सर्दियों में कम यूवी किरणों और स्मॉग के चलते सोरायसिस के मामलों में वृद्धि होती है। मरीजों के लिए बड़ी राहत इस सुविधा के तहत मरीजों को न केवल उच्च गुणवत्ता वाली उपचार सेवा मिलेगी, बल्कि वे अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए खरीदी गई यूवी लैंप्स की गुणवत्ता भी जांचवा सकते हैं। आरएमएल अस्पताल के डॉक्टरों ने कहा, यह मशीन भारतीय तकनीक का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह न केवल मरीजों के लिए सस्ती है, बल्कि उनके लिए एक बड़ी राहत भी है। दिल्लीवासियों के लिए यह सुविधा एक नई उम्मीद लेकर आई है, जो सर्दियों के दौरान त्वचा संबंधी समस्याओं से परेशान रहते हैं।

## दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू करने के लिए भाजपा नेताओं ने शुरू किया अभियान




नई दिल्ली । दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना लागू न होने देने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आआपा) की कड़ी आलोचना की है। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आज प्रेसवार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान दिल्ली को छोड़कर अन्य राज्यों में लागू है। दूसरे राज्यों में 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों व गरीबों को पांच लाख तक के उपचार का लाभ मिल रहा है। इस प्रेस वार्ता में सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और सांसद बांसुरी स्वराज भी मौजूद रहीं। इस दौरान वीरेंद्र सचदेवा ने अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए कहा कि वह दिल्लीवासियों को इस बेहतरीन चिकित्सा सेवा सुविधा से वंचित रख रहे हैं। भाजपा इसे दिल्ली में लागू कराना चाहती है। इसके लिए भाजपा सांसद अदालत गए हैं। अदालत ने इसे लेकर दिल्ली सरकार के विरुद्ध टिप्पणी की है कि वह केंद्र की इस स्वास्थ्य योजना का लाभ क्यों नहीं दे रही है। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना को लागू ना करके आम आदमी पार्टी ने राजनीति के निचले स्तर को दिखाया है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना प्रधानमंत्री की एक ऐसी योजना है, जिससे देश के करोड़ों लोगों को लाभ मिल रहा है। दुर्भाग्य से दिल्ली में आम आदमी पार्टी इस योजना को लागू नहीं होने दे रही है। इसको लेकर भाजपा के सातों सांसद कोर्ट भी गए, सुनवाई चल रही है। इस योजना के साथ सरकार इलाज के लिए सालाना पांच लाख रुपये देती है। सचदेवा ने कहा कि भाजपा चाहती है कि दिल्ली के लोगों को इस योजना का लाभ मिले। इस योजना के संबंध में भाजपा नेताओं ने एक हस्ताक्षर शिविर शुरू किया है, जिसके माध्यम से हम दिल्ली के लोगों के पास जा रहे हैं और उन्हें इसके फायदे समझा रहे हैं। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सिर्फ झूठ की राजनीति करते हैं। केजरीवाल को याद दिलाना चाहिए कि वह बड़े-बड़े दावे करते हैं लेकिन वह अपनी जवाबदेही से जनता का ध्यान भटकाने के लिए ऐसा करते हैं। सड़क, पानी, बिजली, सीवरेज और जल निकासी सभी ऐसे मुद्दे हैं, जो पूरी तरह से केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी के दायरे में आते हैं। दिल्ली में आआपा की सरकार है। वे एक दशक से यहां सत्ता में हैं, फिर भी उन्होंने दिल्ली के लोगों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल चुनावी जुमला देते हैं। केजरीवाल को अपने कामों का हिसाब दिल्ली की जनता को देना चाहिए।

## चीनी कब्जे पर जवाब नहीं दे पा रही सरकार -सुरजेवाला



नई दिल्ली । कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भारतीय भूमि पर चीन का कब्जा है, लेकिन सरकार इस बारे में सवाल का जवाब देने में सफल नहीं हो पा रही है। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा है कि चीनी मुद्दे पर सरकार से जब सवाल पूछा जाता है तो विदेश मंत्री एस जयशंकर रटा-रटाया जवाब देते हैं और जो असली मुद्दे हैं, जो असली सवाल होते हैं उनको नजरअंदाज कर देते हैं। उन्होंने कहा, आज राज्यसभा में विदेश मंत्री द्वारा चीन पर रटा रटाया बयान तो पढ़ कर सुना दिया गया पर भारत माता की सरजमीं पर चीनी कब्जे को लेकर सवालों तथा आशंकाओं के जवाब से मोदी सरकार भाग खड़ी हुई। मोदी सरकार से देश के सीधे सवाल।

## बिजली कर्मचारियों का छह दिसंबर को देश भर में विरोध प्रदर्शन



चंडीगढ़ । बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों की राष्ट्रीय समन्वय समिति ने चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम को निजी हाथों में सौंपने के खिलाफ छह दिसंबर को देश भर में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है। स्थिति की गंभीरता का आकलन करने और सघन संघर्ष की रणनीति तय करने के लिए 11 दिसंबर को लखनऊ में राष्ट्रीय चैप्टर की बैठक होगी। इस बैठक में कर्मचारी एवं अभियंता महासंघ के सभी नेता भाग लेंगे। लोगों को जनविरोधी नीतियों के बारे में जागरूक करने के लिए बिजली क्षेत्र के निजीकरण के खिलाफ व्यापार लॉबी के पक्ष में उपभोक्ताओं सहित व्यापक प्रदर्शन 13 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। अभियान के हिस्से के रूप में, उपभोक्ताओं और कर्मचारियों को निजीकरण के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में शिक्षित करने के लिए सभी जिलों में बिजली पंचायतें आयोजित की जाएंगी। आंदोलन का समापन 22 दिसंबर को लखनऊ में बिजली कर्मचारियों, उपभोक्ताओं और किसानों की एक विशाल सार्वजनिक बैठक में होगा। उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के फैसले के खिलाफ बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों के देशव्यापी संघर्ष में समर्थन के लिए सभी विपक्षी सांसदों से संपर्क किया जाएगा। राज्य के बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों की एक संयुक्त समिति, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने निजीकरण के किसी भी एकतरफा प्रयास के खिलाफ कर्मचारियों, उपभोक्ताओं और किसानों से मजबूत प्रतिरोध की चेतावनी दी है। इस बीच, देश भर के पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश सरकार से राज्य के बिजली क्षेत्र और उसके नागरिकों के सर्वोत्तम हित में बिजली क्षेत्र के निजीकरण के अपने फैसले की तत्काल समीक्षा करने और इसे वापस लेने का आग्रह किया है। पंजाब, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, झारखंड, तेलंगाना और हरियाणा के पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन ने निजीकरण के खिलाफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश संयुक्त संघर्ष समिति बिजली इंजीनियरों और कर्मचारियों के बैनर तले चल रहे आंदोलन के लिए सभी बिजली इंजीनियरों का स्पष्ट समर्थन व्यक्त किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### टीबीमुक्त भारत के प्रधानमंत्री के संकल्प में हम सभी लें हिस्सा - यादव



भोपाल । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि टीबीमुक्त भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प में राज्य भी कदम से कदम मिला कर चल रहा है और अगर कोई व्यक्ति टीबी से ग्रस्त है तो उसे इस अभियान का हिस्सा बनाने में सभी मदद करें। डॉ यादव ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2018 में देश को टीबीमुक्त बनाने का संकल्प लिया था। मध्यप्रदेश भी उसमें कदम से कदम मिला कर चल रहा है। उन्होंने कहा कि क्षय रोग के दृष्टिकोण से देश भर के 347 जिलों का चयन किया गया है, जिसमें 100 दिवसीय निन्क्षय अभियान चलाया जा रहा है। इसमें मध्यप्रदेश के 23 जिले अलीराजपुर, अनूपपुर, बैतूल, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, दतिया, डिंडोरी, जबलपुर, कटनी, खंडवा, मंडला, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, रतलाम, सीहोर, सिवनी, श्योपुर, सीधी, सिंगरौली, उज्जैन और विदिशा शामिल हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि क्षय उन्मूलन की दिशा में इन जिलों में सक्रियता के साथ काम होगा। साथ ही जनता भी इस अभियान में मददगार बनते हुए टीबी से ग्रस्त अगर कोई व्यक्ति है तो उसे इस अभियान का हिस्सा बनाने में मदद करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। इससे डरे नहीं। रोगी की पहचान कर रोगमुक्ति का संकल्प लें।

### अमृतसर में दो पाकिस्तानी ड्रोन और आधा किलो से अधिक हेरोइन बरामद

जालंधर । सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब में अमृतसर की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक पाकिस्तानी ड्रोन और 551 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि चार दिसंबर की रात सतर्क बीएसएफ जवानों ने जिला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में दो घटनाओं में एक ड्रोन और हेरोइन की खेप बरामद की। बीएसएफ ने जिला अमृतसर के गांव- अटारी से सटे इलाके से एक तलाशी अभियान दौरान रात लगभग 09ः10 बजे एक ड्रोन डीजेआई माविक 3 क्लासिक और 01 पैकेट संदिग्ध हेरोइन (कुल वजन- 551 ग्राम) बरामद की। मादक पदार्थ पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लिपटे हुए थे, जिसमें एक स्टील की अंगूठी और पैकेट से जुड़ी 06 रोशन करने वाली पट्टियाँ थीं। एक अन्य तलाशी में, रात लगभग 11ः20 बजे, सीमा सुरक्षा बाड़ के आगे ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के सतर्क जवानों ने अमृतसर जिले के गांव दाओके से सटे एक खेत से एक डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद किया। माना जा रहा है कि सीमा पर तैनात तकनीकी जवाबी उपायों के समय पर सक्रिय होने से दोनों ड्रोन को मार गिराया गया।

### इंदौर में कमरे के बाथरूम के बाहर मिला छात्रा का शव, पुलिस जांच में जुटी

इंदौर । मध्य प्रदेश में इंदौर के एक छात्रावास में इंटीरियर डिजाइनर की पढ़ाई कर रही छात्रा का शव बाथरूम के बाहर मिला। छात्रा की मौत आखिर कैसे हुई, पुलिस इसकी जांच कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, लसूड़िया थाना क्षेत्र में स्थित एक छात्रावास में गुरुवार सुबह कमरे में बाथरूम के बाहर छात्रा कशिश वाधवानी का शव मिला। छात्र यहां के एक इंस्टीट्यूट में इंटीरियर डिजाइनर का कोर्स कर रही थी। कशिश बीते रोज से किसी से फोन पर बात नहीं कर रही थी, जिस वजह से उसके परिजन भी चिंतित थे। कशिश मूल रूप से ग्वालियर की निवासी है और उसके पिता केएम वाधवानी सेवानिवृत्ति बैंक अधिकारी हैं। गुरुवार को कशिश का दोस्त तनिष्क छात्रावास पहुंचा, तो उसने देखा की कशिश अचेत अवस्था में कमरे में बाथरूम के बाहर पड़ी हुई है। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस कशिश को अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच कर रही है आखिर कशिश बाथरूम के बाहर अचेत अवस्था में कैसे पहुंची और कब से वहां पड़ी हुई थी। छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पहली नजर में पुलिस से लेकर अन्य लोगों को भी यह पूरा मामला संदिग्ध लग रहा है। सवाल यही उठ रहा है कि कशिश के साथ कोई हादसा हुआ है या उसने ही कोई कदम उठाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद और पुलिस किसी नतीजे पर पहुंच सकेगी। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### केबल चोरी से दिल्ली मेट्रो के ब्लू लाइन की सेवा बाधित, यात्री परेशान

नई दिल्ली । दिल्ली नोएडा के सबसे व्यस्त रूट यानि ब्लू लाइन पर मेट्रो की रफ्तार धीमी हो गई है। केबल चोरी के कारण मेट्रो रुक-रुक कर चल रही है। डीएमआरसी ने इसकी वजह केबल चोरी को बताया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन में भी अपने एक्स हैंडल पर इसकी जानकारी दी। सलाह दी है कि लोग ज्यादा समय लेकर घर से निकले। डीएमआरसी ने कहा कि मोती नगर और कीर्ति नगर के बीच केबल चोरी होने के कारण ब्लू लाइन पर सेवाओं में देरी हो रही है। डीएमआरसी न ने यात्रियों से अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाने का आग्रह किया है साथ ही शुक्रवार सुबह तक सेवाएं पूरी तरह से बहाल हो जाने की उम्मीद है। डीएमआरसी ने असुविधा के लिए खेद भी व्यक्त किया है। एक्स हैंडल पर लिखा गया है, मोती नगर और कीर्ति नगर के बीच ब्लू लाइन पर केबल चोरी की समस्या रात में परिचालन समय समाप्त होने के बाद ही ठीक हो सकेगी, चूंकि दिन के दौरान प्रभावित खंड पर ट्रेनें प्रतिबंधित गति से चलेंगी, इसलिए सेवाओं में कुछ देरी होगी। एक्स हैंडल पर आगे कहा गया, यात्रियों से अनुरोध है कि वे मौजूदा स्थिति को देखते हुए ही अपनी यात्रा की योजना बनाएं, क्योंकि यात्रा में कुछ अतिरिक्त समय लगेगा। ब्लू लाइन बिजी रूट के तौर पर जाना जाता है। मेट्रो फ्रीक्वेंसी में भी कमी देखने को मिल रही है। इस वजह से मेट्रो में यात्रियों की भारी भीड़ भी देखी जा रही है। बता दें कि ब्लू लाइन, द्वारका सेक्टर 21 को नोएडा सिटी सेंटर और वैशाली से जोड़ती है। इस लाइन पर रोजाना बड़ी संख्या में लोग सफर करते हैं।

### ठाणे में पथराव में एक पुलिसकर्मी घायल, चार लोग लिये गये हिरासत में

ठाणे । महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 'ईरानी गैंग' से कथित रूप से जुड़े कुछ लोगों द्वारा सुरक्षाकर्मियों के एक दल पर पथराव करने से एक पुलिसकर्मी घायल हो गया।

एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कल्याण के पुलिस उपायुक्त (तृतीय जोन) अतुल जेंडे ने बताया कि यह घटना बुधवार रात अंबिवली इलाके में हुई, जहां मुंबई के अंधेरी थाने का यह दल एक आपराधिक मामले में शामिल एक संदिग्ध को पकड़ने गया था। उन्होंने बताया कि इस घटना के सिलसिले में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि जब पुलिस दल मौके पर पहुंचा तब 'ईरानी गैंग' से संबद्ध बताये जा रहे कुछ लोगों ने सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया जिससे एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पुलिस उपायुक्त ने घायल पुलिसकर्मी के बारे में विस्तार से नहीं बताया। 'ईरानी गैंग' के सदस्य कई आपराधिक घटनाओं में शामिल रहे हैं जिनमें अधिकतर चेन झपटमारी की घटनाएं हैं।

## बीपीएससी परीक्षा को लेकर तेजस्वी ने नीतीश कुमार को लिखा पत्र



पटना । नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा में अभ्यर्थियों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिख त्वरित समाधान की मांग की है। श्री यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लिखे अपने पत्र में कहा, मैं बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा में अभ्यर्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए यह पत्र लिख रहा हूँ। आयोग के सर्वर की खामी के कारण फॉर्म भरने की आखिरी तारीख से 2-3 दिन पूर्व सर्वर के ठीक से कार्य नहीं करने के कारण लाखों अभ्यर्थी फॉर्म भरने से वंचित रह गये थे जो कि उनके भविष्य और सतत् परिश्रम के लिए एक आघात है। स्वयं अपनी ही विफलता के लिए आयोग द्वारा फॉर्म भरने में असमर्थ रहे अभ्यर्थियों को ही उल्टे अगंभीर ठहरा देना अफसरशाही के अहंकार और तानाशाही को प्रदर्शित करता है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इसके अलावा, अभ्यर्थियों और अभिभावकों को अभी तक यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि आयोग सामान्यीकरण या नॉर्मलाइजेशन लागू करेगा या नहीं। फॉर्म भरवा लेने के बाद भी अभ्यर्थियों को अभी तक पूरी परीक्षा पद्धति की जानकारी नहीं है, जो उनके लिए अन्यायपूर्ण है। यहां यह उल्लेख करना अत्यावश्यक है कि सामान्यीकरण की प्रणाली सदैव से असामान्य रूप से विवादित रही है। किसी अभ्यर्थी को अगर कठिन प्रश्न का उत्तर पता तो उसके लिए वह प्रश्न सरल है। किसी भी प्रश्न का सरल या कठिन होना अभ्यर्थी की तैयारी पर निर्भर करता है, आयोग की इच्छा, हठधर्मिता या बुद्धिमता पर नहीं । श्री यादव ने कहा कि परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाए जाने का भी अफवाह फैला था, जिसके कारण अभ्यर्थी असमंजस में पड़ गए थे। इन सबको देखते हुए मैं समस्त अभ्यर्थियों के हित में आपके समक्ष निम्नलिखित मांग रखता हूं। परीक्षा फॉर्म भरने के लिए अभ्यर्थियों को पांच अतिरिक्त दिन दिए जाएं ताकि आयोग की नाकामी अथवा सर्वर की खामी के कारण जो अभ्यर्थी फॉर्म नहीं भर सकें, वे फॉर्म भर पाएं। आयोग 70वीं बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाए ताकि अभ्यर्थियों को पर्याप्त समय मिल सके। नॉर्मलाइजेशन पर अपनी नीति स्पष्ट की जाए। उचित होगा कि सामान्यीकरण की विवादित और अन्यापूर्ण प्रक्रिया से बचा जाए। हमारी मांग है कि परीक्षा एक दिन, एक शिफ्ट, एक पेपर, एक पैटर्न में बिना पेपर लीक हो । मैं आशा करता हूं कि आप इन मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगें और अभ्यर्थियों की समस्याओं का समाधान करेंगें। श्री यादव ने कहा यदि सरकार ने अभ्यर्थियों की माँगों पर विचार नहीं किया तो हम आंदोलनकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनकी लड़ाई लड़ेंगे। एनडीए सरकार छात्रों के भविष्य और सपनों के साथ खिलवाड़ बंद करें।

## न्यायमूर्ति मनमोहन ने ली उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ



नई दिल्ली । दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ ली। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने यहां आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति मनमोहन को शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति मनमोहन के शपथ ग्रहण करने के साथ ही शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की कुल निर्धारित संख्या 34 के मुकाबले 33 हो गई। इस अवसर पर शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीशों के अलावा अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। न्यायमूर्ति खन्ना की अध्यक्षता वाले शीर्ष न्यायालय के कॉलेजियम ने नवंबर में न्यायमूर्ति मनमोहन को पदोन्नत कर उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश बनाने की शिफारिश की थी। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की सहमति के बाद तीन दिसंबर को केंद्र सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर न्यायमूर्ति मनमोहन को शीर्ष अदालत में न्यायाधीश नियुक्त करने की घोषणा की थी। न्यायमूर्ति मनमोहन को 13 मार्च, 2008 को दिल्ली उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया था और वह 29 सितंबर, 2024 से उस उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य कर रहे हैं। शीर्ष अदालत के चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों के कॉलेजियम की सिफारिश के बाद उनकी ओर से जारी एक बयान में कहा गया था कि न्यायमूर्ति मनमोहन उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संयुक्त अखिल भारतीय वरिष्ठता में क्रम संख्या दो पर हैं। इसके साथ वह दिल्ली उच्च न्यायालय में सबसे वरिष्ठ हैं। न्यायमूर्ति मनमोहन का चुनाव करते हुए कॉलेजियम ने यह भी उल्लेख किया था कि उच्चतम न्यायालय में दिल्ली उच्च न्यायालय का प्रतिनिधित्व केवल एक न्यायाधीश कर रहे हैं। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश खन्ना दिल्ली उच्च न्यायालय से हैं। न्यायमूर्ति मनमोहन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल जगमोहन के पुत्र हैं। उनका जन्म 17 दिसंबर, 1962 को दिल्ली में हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा दिल्ली के बाराखंभा रोड स्थित मॉडर्न स्कूल से की। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज से इतिहास में बीए (ऑनर्स) की डिग्री प्राप्त की और 1987 में दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर से वकालत (एलएलबी) की पढ़ाई पूरी की। वह उसी वर्ष दिल्ली बार काउंसिल में अधिवक्ता के रूप में नामांकित हुए। उन्होंने मुख्य रूप से भारत के सर्वोच्च न्यायालय और दिल्ली उच्च न्यायालय में सिविल, आपराधिक, संवैधानिक, कराधान, मध्यस्थता, ट्रेडमार्क और सेवा मुकदमेबाजी में वकालत की। उन्हें 18 जनवरी, 2003 को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया था।

## महाराष्ट्र- शपथ ग्रहण से पहले देवेंद्र फडणवीस सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे, लिया आशीर्वाद



मुंबई । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस गुरुवार को तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण से पहले देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया। शपथ ग्रहण समारोह मुंबई के ऐतिहासिक आजाद मैदान में शाम 5.30 बजे होगा। देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके साथ एकनाथ शिंदे और अजित पवार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे। महाराष्ट्र में गठबंधन सरकार भाजपा, शिंदे गुट और एनसीपी के सहयोग से बन रही है। फडणवीस, शिंदे और पवार ने 4 दिसंबर को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और महायुति सरकार बनाने का दावा पेश किया था। राज्यपाल से मुलाकात के बाद फडणवीस ने कहा था, नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह कल शाम 5ः30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में होगा। मैंने एकनाथ शिंदे से मुलाकात की और उनसे इस सरकार में शामिल होने का अनुरोध किया, क्योंकि यह महायुति कार्यकर्ताओं की इच्छा है, हम महाराष्ट्र की जनता से किए गए वादों को पूरा करेंगे। बुधवार को महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में सर्वसम्मति से चुने जाने के बाद फडणवीस का शीर्ष पद पर यह तीसरा कार्यकाल होगा। यह निर्णय कई दिनों बाद आया है। कथित तौर पर एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनना चाहते थे।

हालांकि, भाजपा ने पीछे जब हटने से इनकार कर दिया तब शिंदे ने मीडिया के सामने आ कहा कि वह पीएम मोदी की पसंद का समर्थन करेंगे। बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने शानदार जीत दर्ज की, जिसने 288 में से 235 सीटों के साथ शानदार जीत हासिल की। यह परिणाम भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जो 132 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। जबकि, महा विकास अघाड़ी (एमवीए) को बड़ा झटका लगा, जिसमें कांग्रेस को सिर्फ 16 सीटें मिलीं।

इसके गठबंधन सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) ने 20 सीटें जीतीं, जबकि एनसीपी (शरद पवार गुट) को सिर्फ 10 सीटें मिलीं।

## दो दिवसीय भारत दौरे पर दिल्ली पहुंचे भूटान नरेश, विदेश मंत्री ने किया स्वागत





नई दिल्ली । भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक दो दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे। गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचने पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उनके साथ रानी जेटसन पेमा वांगचुक और वरिष्ठ अधिकारी भी थे। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, आज नई दिल्ली पहुंचने पर भूटान के महामहिम राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक का स्वागत करते हुए मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने आगे लिखा, उनकी यात्रा हमारी दोस्ती के अनूठे बंधन को और मजबूत करेगी। अपनी यात्रा के दौरान, भूटान नरेश राजनयिक संबंधों की समीक्षा के लिए भारतीय नेतृत्व के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) द्वारा जारी आधिकारिक प्रेस बयान में कहा गया है कि शुक्रवार को समाप्त होने वाली यह उच्च स्तरीय यात्रा दोनों पड़ोसी देशों के बीच गहरे संबंधों और आपसी सम्मान का प्रतीक है। भूटान नरेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलेंगे, जो दोनों देशों के बीच चल रही उच्च स्तरीय बैठकों में एक और अध्याय जोड़ेगा। इसके अलावा, जयशंकर और भारत सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भूटान नरेश से मुलाकात करने वाले हैं। प्रेस वक्तव्य के अनुसार, इन बैठकों का उद्देश्य मौजूदा सहयोग को मजबूत करना और द्विपक्षीय सहयोग के लिए नए रास्ते तलाशना है। भारत और भूटान के बीच असाधारण और अनुकरणीय संबंध हैं, जो आपसी विश्वास, सद्भावना और समझ पर आधारित हैं। इन संबंधों की नींव 1949 में पड़ी, जब दोनों देशों ने मैत्री और सहयोग की संधि पर हस्ताक्षर किए, जिसे फरवरी 2007 में विकसित गतिशीलता को दर्शाने के लिए रिन्यू किया गया। 1968 में औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित किए गए, जिसने इस स्थायी साझेदारी को और मजबूत किया। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की एक उल्लेखनीय विशेषता उनकी आर्थिक परस्पर निर्भरता है। लगभग 50,000 भारतीय नागरिक भूटान में निर्माण, शिक्षा और विभिन्न प्रोजेक्ट्स में कार्यरत हैं।

कुछ श्रमिक तो रोजाना भारत से भूटान के सीमावर्ती शहरों में अपनी नौकरी के लिए आते-जाते हैं। यह एकीकरण दोनों देशों के बीच सहयोग और साझा समृद्धि की गहराई को दर्शाता है। हाल के वर्षों में सहयोग का दायरा काफी बढ़ गया है, जो जलविद्युत जैसे पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़कर डिजिटल बुनियादी ढांचे, शिक्षा और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे उभरते क्षेत्रों को भी शामिल करता है। भूटान भीम ऐप अपनाने वाला दूसरा देश बन गया है, जिससे वित्तीय संबंध सुगम हुए हैं और भारत ने भूटान की 'डिजिटल ड्रुक्युल' पहल का समर्थन किया है, जिसका उद्देश्य सभी 20 जिलों में एक मजबूत ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क बनाना है।

अंतरिक्ष सहयोग सहयोग का एक और आशाजनक क्षेत्र है। भारत के प्रधानमंत्री की 2019 की भूटान यात्रा के बाद, संयुक्त रूप से विकसित 'भारत-भूटान एसएटी' को नवंबर 2022 में लॉन्च किया गया। यह पहल, अन्य तकनीकी साझेदारियों के साथ, द्विपक्षीय संबंधों की प्रगतिशील प्रकृति को रेखांकित करती है। शिक्षा के क्षेत्र में, भारत स्टेम शिक्षकों की कमी को दूर करने और देश की मानव संसाधन क्षमताओं को बढ़ाने में भूटान का समर्थन करना जारी रखता है। भूटान नरेश की यात्रा इन पहलों की समीक्षा करने और उन्हें आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है, जिससे भारत और भूटान के बीच दीर्घकालिक मित्रता और मजबूत होगी और सहयोग के नए आयाम तलाशे जाएंगे।

## जीरो पॉइंट से हिरासत में लिए किसान नेता, सीएम योगी की पोस्ट के बाद पुलिस ने की कार्रवाई



ग्रेटर नोएडा । ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर बुधवार को किसानों की महापंचायत थी। मंगलवार शाम को गिरफ्तार हुए सभी किसानों को छोड़ दिया गया था। इसके बाद आगे की रणनीति के लिए आज गुरुवार को पंचायत होनी है। लेकिन इससे पहले ही देर रात सीएम योगी आदित्यनाथ की पोस्ट के बाद पुलिस ने किसानों को एक बार फिर हिरासत में लिया। जीरो पॉइंट पर रात करीब 12 बजे के आसपास किसानों को हिरासत में लेकर लुक्सर जेल भेजा गया। जीरो पॉइंट पर धरना खत्म करा दिया गया। पुलिस ने ये कार्रवाई तब की जब किसानों की संख्या 50 से कम थी। हालांकि, पुलिस इस गिरफ्तारी को लेकर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। किसानों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की तरफ से कोई आधिकारिक बयान भी नहीं आया है। दरअसल ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर बुधवार सुबह से शुरू हुई किसानों की महापंचायत उनके हक में रही थी। जेल में बंद उनके सभी किसान नेता समेत 123 किसानों को पुलिस ने छोड़ दिया था। हालांकि, इस महापंचायत में राकेश टिकैत नहीं पहुंच पाए, क्योंकि पुलिस ने उन्हें टप्पल पर रोक लिया था। पंचायत में नरेश टिकैत का प्रतिनिधित्व करते हुए गौरव टिकैत शामिल हुए। शाम को जेल से छूट कर आए किसानों ने मंच संभाला और स्पष्ट किया कि धरना वहीं से शुरू किया जाएगा जहां से खत्म हुआ था। जिसके बाद रात को किसानों ने गुरुवार को पंचायत करने का फैसला किया था। लेकिन इससे पहले देर रात ही किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक, सीएम योगी के सख्त आदेश है कि अराजकता करने वालों को बिल्कुल भी बख्शा नहीं जाए। सीएम योगी के दफ्तर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक कहा गया है, गौतमबुद्धनगर हो, अलीगढ़ हो या संभल अथवा कोई अन्य जनपद, अराजकता फैलाने की छूट किसी को नहीं दी जा सकती। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज।

## निर्माण में गड़बड़ी करने वाले ठेकेदारों को बख्शा नहीं जाएगा- गडकरी



नई दिल्ली । केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में गुरुवार को कहा कि राजमार्गों के निर्माण में कमी को लेकर सरकार गंभीर है और इसमें गड़बड़ी करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्री गडकरी ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे देश का सबसे लंबा राजमार्ग है। इस एक्सप्रेस वे से लोग दिल्ली से 12 घंटे में मुंबई पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ जगहों पर सड़कें धंस गई है, लेकिन नीचे की सतह सही है और इसमें सही सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। इस मार्ग की मरम्मत की दस साल की जिम्मेदारी ठेकेदार के पास है। उन्होंने कहा कि सड़कों की कमी आने पर चार ठेकेदारों को जिम्मेदार ठहराकर उनको नोटिस दिया गया है और कार्रवाई की जाएगी। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता को लेकर कोई समझौता नहीं किया गया जाएगा श्री गडकरी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल की ओर से पूछे गये प्रश्न का जवाब दे रहे थे। श्री बेनीवाल ने कहा कि कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे की तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाएं हुई है, जिसमें करीब 150 लोगों की जान गई है। श्री गडकरी ने एक अन्य पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि राजमार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। इसमें लोगों को भी सहयोग करने की जरूरत है। लोगों को नियम और कानून का पालन करना चाहिए।